जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

बीकानेर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर, रविवार 20 अक्टूबर, 2024

KEDIA सेजस्थान

# महा दिवाली

## 15 लाख का महा-लाभ

FIXED PRICE GUARANTEED

इस दिवाली 15 लाख और बढ़ेगी रेट !

NO MIDDLE-MEN

### FIXED PRICE

| PRODUCT TYPE | UNIT TYPE | SIZE | FIXED PRICE |
|---|---|---|---|
| WALK-UP APARTMENT | 2 BHK (GF) | 1350 Sq Ft | 63.45 LACS |
| | 3 BHK (SF) | 1900 Sq Ft | 70.50 LACS |
| | 3 BHK (FF) | 1900 Sq Ft | 77.55 LACS |
| KOTHI | ~~3 BHK BIG~~ SOLD OUT | ~~2000 Sq Ft~~ SOLD OUT | ~~84.60 LACS~~ SOLD OUT |
| | 4 BHK BIGGER | 2325 Sq Ft | 98.70 LACS |
| | 4 BHK BIGGEST | 3200 Sq Ft | 141.00 LACS |



KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

POSSESSION: DEC. 2025

बड़ी-बड़ी कोठी, बड़े-बड़े फ्लैट

KEDIA®

1800-120-2323

78770-72737

info@kedia.com

www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in

RERA No. RAJ/P/2023/2387

SCAN QR FOR
- LOCATION
- ROUTE MAP
- SITE 360 TOUR
- E-BROCHURE
- WALKTHROUGH

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

**वाणी चाँदी है, मौन सोना है, वाणी पार्थिव है पर मौन दिव्य। –कहावत**

# यजुर्विद संहिता के आलोक में खाद्य-विविधता पर एक विश्लेषण

यजुर्विद संहिता में एक अति महत्वपूर्ण सूत्र है: **शाकं फलं बहुविधं पृथक्तत्, धान्यानि वृत्त्या सह बीजजं च। बीजानि सर्वाण्यहितं विजह्युः, हिताशनं तेन सदा सुदृढ्यम्।। सर्वाणि धान्यानि यथाविधानि, वृक्षाः फलाढ्याः च तु सर्वभक्ष्याः। विविधाः कृषीणां प्रवराः सदा स्युः, आहारमिच्छन्सुदृढं जनाय।।** तात्पर्य यह है कि शाक (सब्जियाँ), फल, और विविध प्रकार के खाद्य पदार्थों का पृथक-पृथक सेवन करना हितकर है। अनाज और बीजों सहित जीवन को पोषण देने वाले आहार (विविध पोषक खाद्य पदार्थ) लेना चाहिए। सभी हानिकारक या असंतुलित आहार को छोड़ देना चाहिए। विविधता युक्त आहार से सदैव अच्छा स्वास्थ्य और शारीरिक मानसिक सुदृढ़ता प्राप्त होती है। इस हेतु सभी प्रकार की धान्य प्रजातियाँ उचित रूप से उगाई जानी चाहिए। वृक्ष जो फलों से समृद्ध हैं और जिन्हें खाया जा सकता है, वे भी उगाए जाने चाहिए। विविध कृषि प्रणालियाँ हमेशा श्रेष्ठ मानी जानी चाहिए। इनसे चाहा गया ऐसा आहार प्राप्त होता है, जो सदैव सुदृढ़ शरीर प्रदान करता है। इसी बात को सूत्र रूप में कहें तो: **शाकफलविधिर्धान्यबीजसंयोगः। विविधकृषयः फलवृक्षोपयोगः। अहितत्यागः हिताहारविधानम्। जीवनीयाय सदा विविधाहारः** (यजुर्विद संहिता)। तात्पर्य यह है कि शाक और फलों की विविध प्रजातियों की उचित रूप से खेती और सेवन करना चाहिए। इस हेतु धान्य और बीजों का संयोजन, जिनसे खेतों में विविध फसलें उगाई जाती हैं, को विविध प्रकार की कृषि प्रणाली, जो भूमि और जलवायु के अनुसार होती है, किया जाना चाहिए। कृषि-कार्य में फल देने वाले वृक्षों का उपयोग, जिनसे पोषण मिलता है, करना चाहिए। शरीर को हानि पहुंचाने वाले हानिकारक आहार का त्याग और स्वास्थ्य के लिए उत्तम लाभकारी और पौष्टिक आहार को अपनाना चाहिए। हमेशा प्रजाति-विविधता युक्त पौष्टिक आहार, जो शरीर को स्वस्थ रखता है व शरीर के पोषण एवं जीवन के लिए आवश्यक है, खेतों में उगाना और प्रयोग करना चाहिए।

यजुर्विद संहिता के अनुसार: **सर्वरसान्वितं नित्यं, भोजनं सर्वदा हितम्। मधुराम्ललवणं तिक्तं, कटुकं कषायं शुभम्।। त्रिंशद्विधा भवन्त्यङ्गाः, भोजनस्य दिने दिने। हरिद्रा जीरकं सूक्ष्मं, लशुनं च विशेषतः।। दालचिनी मेथिका च, लवङ्गं कृष्णशुंठिका। एला सुपिप्पली चैव, सर्पिषा संयुतं सदा।।** तात्पर्य यह है कि भोजन में सभी प्रकार के रस (स्वाद) होने चाहिए और यह भोजन हर दिन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हो। भोजन में मधुर (मीठा), आम्ल (खट्टा), लवण (नमकीन), तिक्त (कड़वा), कटु (तीखा), और कषाय (कसैला), इन सभी स्वादों का समावेश स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। भोजन में प्रत्येक दिन 30 प्रकार की प्रजातियाँ होनी चाहिए जो भोजन के पोषण और स्वाद को संतुलित करती हैं। हल्दी, जीरा और विशेष रूप से लहसुन का उपयोग भोजन में किया जाना चाहिए, क्योंकि ये स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं। दालचीनी, मेथी, लौंग, और काली मिर्च, सोंठ का भी भोजन में समावेश हो, क्योंकि ये शरीर के लिए हितकर होते हैं। इलायची, छोटी पीपली आदि का प्रयोग और भोजन का घी के साथ संस्कार कर सेवन किया जाना चाहिए। ये भोजन को अधिक पौष्टिक और हितकारी बनाते हैं। चरक संहिता भी इस सन्दर्भ में स्पष्ट है कि सर्वरस भोजन बलकारक और एक-रस भोजन दौर्बल्यकारक होता है: **सर्वरसाभ्यासो बलकराणाम्, एकरसाभ्यासो दौर्बल्यकराणां** (च.सू. 25.40 अंश)।

जहाँ तक फलों और सब्जियों का प्रश्न है, यजुर्विद संहिता का कथन है: **दाडिमं द्राक्षमामलक्याः सेवितं प्रतिदिनं हितम्। सर्ववर्णफलशाकं युक्त्या मात्रा सदा शुभम्।।** तात्पर्य यह है कि अनार, द्राक्षा और आँवला का प्रतिदिन सेवन लाभकारी है। सभी रंगों के फल और सब्जियों का उचित मात्रा में सेवन सदैव लाभप्रद होता है। इसी प्रकार: **वातादकः कर्कटकश्च नित्यम्, अक्षोटखर्जूरफलं प्रियालम्। अञ्जीरमिष्टं बदरं च भूम्या, मुष्ट्या सदा सेवनमाशु सर्वैः।। व्याधिक्षमत्वं विधिवर्धनाय, रोगान्निवार्यं च सदा हिताय। सेवनं तद्वृक्षफलस्य लोके, स्वास्थ्यप्रदं जीवनहेतुकं च।।** अर्थात स्वस्थ व्यक्ति को वातादक (बादाम), कर्कटक (काजू), अक्षोट (अखरोट), खर्जूर (खजूर), प्रियाल, अंजीर, बदर (बेर), और भूम्या (मूँगफली) का सेवन उत्तम होता है। इन सभी पदार्थों को कुल एक मुट्ठीभर सेवन सभी को प्रतिदिन करना चाहिए। यह रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक होते हैं और विभिन्न रोगों से बचाव करते हैं। वृक्षों से उत्पन्न होने वाले फलों और मेवों का सेवन सभी के लिए लाभकारी है, क्योंकि ये स्वास्थ्य प्रदान करते हैं और जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

यजुर्विद संहिता में किसानों के लिए भी महत्वपूर्ण सलाह है: **क्षेत्रेषु रोप्यं परिपाल्य भोज्यं, विविक्तमाहारमुपाश्रयेत्यः। व्याधिक्षमत्वं स लभेत नित्यं, सर्वेन्द्रियाणां बलवर्धनं च।।** जो व्यक्ति खेतों में विभिन्न प्रकार के पौधे उगाता है, उनकी देखभाल करता है और फिर उन्हें खाता है, जो विविध प्रकार के आहार का सेवन करता है, वह निरंतर रोग प्रतिरोधक क्षमता प्राप्त करता है और साथ ही उसकी सभी इंद्रियों का बल भी बढ़ता है।

डाइटरी डाइवर्सिटी में सम्मिलित कुछ ऐसे आहार हैं जिन्हें नहीं खाएं या कम खाएं तो उचित है (यजुर्विदतन्त्र): **पिज्जादिवर्गो बर्गरश्च युक्तः, कुर्कुर्यका फिंगरचिप्सवर्गः। मैग्यादिवर्गो अहिताशनाः स्युः, जङ्काशनं तत्त्वल्पं प्रशस्तम्।।** पिज्जा, बर्गर, कुरकुरे, फिंगर चिप्स, और मैगी की श्रेणियों में आने वाले खाद्य पदार्थों को अहितकारी माना जाता है, और इनका सेवन कम मात्रा में ही अनुशंसित है।

**प्रतिवर्ष लगभग 11 मिलियन लोग अस्वास्थ्यकर आहार के कारण समय से पहले मर जाते हैं। जैव-विविधता के ह्रास का सीधा असर यह होता है कि पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ, जैसे फल, सब्जियाँ, नट्स और बीज आदि जो हमारे आहार में संतुलन बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं, कम मिल पाते हैं।**

यजुर्विद संहिता के ये सभी सूत्र आहार-विविधता (डाइटरी डाइवर्सिटी) के महत्त्व को प्रतिपादित करते हैं।

आहार-विविधता की आवश्यकता स्वास्थ्य और पोषण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि एक समान भोजन पर निर्भरता से शरीर को आवश्यक पोषक तत्व नहीं मिल पाते। आज, वैश्विक खाद्य आपूर्ति में केवल 200 से भी कम प्रजातियाँ योगदान करती हैं, और मुख्य रूप से कुछ प्रधान फसलों पर अधिक निर्भरता हो गई है। इसका परिणाम यह है कि हमारे आहार ऊर्जा से भरपूर होते हैं, लेकिन पोषक तत्वों की कमी होती है। आहार विविधता के अभाव में विटामिन, खनिज और अन्य आवश्यक पोषक तत्वों की कमी से कुपोषण, मोटापा और अन्य स्वास्थ्य समस्याएँ बढ़ती हैं। प्रतिवर्ष लगभग 11 मिलियन लोग अस्वास्थ्यकर आहार के कारण समय से पहले मर जाते हैं। जैव-विविधता के ह्रास का सीधा असर यह होता है कि पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ, जैसे फल, सब्जियाँ, नट्स और बीज आदि जो हमारे आहार में संतुलन बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं, कम मिल पाते हैं। इसलिए, आहार में विविधता सुनिश्चित करने से न केवल बेहतर पोषण मिलता है, बल्कि यह विभिन्न बीमारियों से लड़ने की शक्ति भी प्रदान करता है।

कृषि में जैव-विविधता का ह्रास एक गंभीर संकट है, जो वैश्विक खाद्य सुरक्षा और मानव अस्तित्व के लिए सीधा संकट बनता जा रहा है। पिछले 100 वर्षों में भोजन में प्रयुक्त 75 प्रतिशत पौधों की आनुवांशिक विविधता खो गई है, क्योंकि किसान अधिक उपज देने वाली एक समान फसलों की ओर मुड़ गए हैं। आज, सिर्फ 9 फसलें वैश्विक फसल उत्पादन का 66 प्रतिशत हिस्सा बनाती हैं, जिनमें चावल, गेहूं और मक्का प्रमुख हैं, जो दुनिया की पौधों से प्राप्त कैलोरी का 50 प्रतिशत से अधिक प्रदान करते हैं। इस सीमित जैव-विविधता पर निर्भरता से खाद्य प्रणालियाँ जलवायु चरम सीमाओं, कीटों और बीमारियों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हो रही हैं। आयरिश आलू की बर्बादी से पड़े अकाल के समय को हमें नहीं भूलना चाहिए (देखें, एलोफी, आई., साइंस, 386(6718): 2024)।

आनुवांशिक विविधता कृषि प्रणालियों को जलवायु और पर्यावरणीय परिवर्तनों के प्रति अधिक लचीला बनाती है। यह विभिन्न फसलों को अलग-अलग तनाव कारकों के प्रति प्रतिरोधी बनाती है, जिससे किसान जोखिमों को बेहतर ढंग से प्रबंधित कर सकते हैं। लेकिन मोनोकल्चर के बढ़ते चलन से फसलों की यह विविधता और अनुकूलन क्षमता घटती जा रही है। वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन के कारण अधिक तीव्र सूखे, बाढ़, और भीषण गर्मी या लू जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं, और एक या दोप्रजाति की फसलों, और उनमें भी एक या दो वेरायटीज, पर निर्भरता खाद्य प्रणालियों को इन झटकों के प्रति असमर्थ बना रही है।

आधुनिक कृषि प्रथाओं का पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। कृषि 90 प्रतिशत वैश्विक वनों की कटाई के लिए जिम्मेदार है और आवास विनाश को बढ़ावा दे रही है, जिससे अनगिनत प्रजातियाँ विलुप्त हो रही हैं। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी और पानी को प्रदूषित कर रहा है, पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुँचा रहा है, और परागण तथा मिट्टी की उर्वरता जैसी आवश्यक प्राकृतिक सेवाओं को बाधित कर रहा है। वर्तमान में दुनिया की एक-तिहाई मिट्टी खराब हो चुकी है, और उप-सहारा अफ्रीका में कृषि गतिविधियों के कारण 80 प्रतिशत मिट्टी का ह्रास हो चुका है। मिट्टी की गिरावट के कारण वहां पौधों की विविधता कम हो रही है, क्योंकि केवल कुछ प्रजातियाँ ही खराब मिट्टी की स्थितियों को सहन कर पाती हैं (देखें, एलोफी, आई., साइंस, 386 (6718): 2024)।


इसके अलावा, नाइट्रोजन उर्वरकों और पशुधन खाद के अत्यधिक उपयोग से प्राकृतिक नाइट्रोजन चक्र प्रभावित हो रहा है,जो ग्रीनहाउस गैसों जैसे नाइट्रस ऑक्साइड और मीथेन का उत्सर्जन करता है। ये उत्सर्जन न केवल जलवायु परिवर्तन को तेज करते हैं, बल्कि जैव-विविधता को भी कमजोर करते हैं, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र का लचीलापन और स्वास्थ्य घट जाता है।

कृषि में जैव-विविधता का ह्रास मानव स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। वर्तमान समय में दुनिया के आहार अत्यधिक एक-समान हो गए हैं, जो कुछ प्रधान फसलों पर केंद्रित हैं, जिनमें ऊर्जा तो भरपूर है, लेकिन पोषक तत्वों की कमी है। अब 200 से भी कम प्रजातियाँ दुनिया की खाद्य आपूर्ति में योगदान करती हैं,और इस कमी के गंभीर स्वास्थ्य परिणाम हैं। आहार-विविधता में ह्रास आहार से जुड़ी मौतों का प्रमुख कारण बन गई है। हर साल लगभग 11 मिलियन लोगों की समय से पहले मौतें अस्वास्थ्यकर आहार के कारण हो रही हैं। जैव-विविधता के ह्रास का अर्थ है कि पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों, जैसे फल, सब्जियाँ, नट्स, और बीजों की उपलब्धता कम हो रही है, जिससे कुपोषण और मोटापे जैसी समस्याएँ बढ़ रही हैं।

जैव-विविधता को वापस खेतों में लाने के लिए एग्रोइकॉलोजिकल प्रथाएँ, जैसे फसल रोटेशन, इंटरक्रॉपिंग, और एग्रोफोरेस्ट्री का उपयोग किया जा रहा है। ये पद्धतियाँ मिट्टी के स्वास्थ्य को बेहतर बनाती हैं, कीटों को नियंत्रित करती हैं, और जल उपयोग दक्षता में सुधार करती हैं। जलवायु-लचीले और पोषक तत्वों से भरपूर पारंपरिक किस्मों को बढ़ावा देना आवश्यक है। अंततः, जैव-विविधता लचीली खाद्य प्रणालियों और स्वास्थ्य की आधारशिला है। हमारे हाथों में कल के बीज हैं, और हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे धरती को सुरक्षित लौटाए जाएँ जहाँ वे मानवता के कल्याण में साल-दर-साल योगदान कर सकें।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त; वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान सहित अनेक विश्वविद्यालयों में विजिटिंग प्रोफेसर )**

# दाम्पत्य जीवन की पवित्रता का पर्व ''करवा चौथ''



डॉ. जे. के. गर्ग

सनातन धर्मी महिलाएं कार्तिक कृष्णा दाम्पत्य जीवन की पवित्रता का पर्व करवा चौथ का पर्व अपने जीवन साथी के दीर्घायु स्वस्थ और खुशहाल रहने के लिये व्रत रखकर शाम को चन्द्रमा के दर्शन कर उनको अर्क दे कर छलनी से अपने प्राण प्रिय पति को देख कर अपने पति के हाथों से जल पीकर अपना व्रत खोलती है । करवा चौथ हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है।

यह भारत के जम्मू हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश और राजस्थान में मनाया जाने वाला पर्व है। यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। यह पर्व सौभाग्यवती (सुहागिन) स्त्रियाँ मनाती हैं। यह व्रत सवेरे सूर्योदय से पहले लगभग 4 बजे से आरंभ होकर रात में चंद्रमा दर्शन के उपरांत संपूर्ण होता है। पति की दीर्घायु एवं अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन भालचन्द्र गणेश जी की अर्चना की जाती है। संस्कृत में इसको करक चतुर्थी तेलुगु में अटल तद्दी कहा जाता है।

यह व्रत 12 वर्ष तक अथवा 16 वर्ष तक लगातार प्रति वर्ष किया जाता है। अवधि पूरी होने के पश्चात इस व्रत का उद्यापन (उपसंहार) किया जाता है। किन्तु जो सुहागिन स्त्रियां आजीवन रखना चाहें वे जीवन भर इस व्रत को कर सकती हैं। इस व्रत के समान सौभाग्यदायक व्रत अन्य कोई दूसरा नहीं है।

भारत देश में वैसे तो चौथ माता जी के कई मंदिर स्थित है, लेकिन सबसे प्राचीन एवं सबसे अधिक ख्याति प्राप्त मंदिर राजस्थान राज्य के सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा गाँव में स्थित है। चौथ माता के नाम पर इस गाँव का नाम बरवाड़ा से चौथ का बरवाड़ा पड़ गया। चौथ माता मंदिर की स्थापना महाराजा भीम सिंह चौहान ने की थी।

**करवा चौथ के व्रत संबंध में पौराणिक एवं लोक कथाएं :** –कहा जाता है कि शंकरजी ने माता पार्वती को करवा चौथ के व्रत का महत्व बताया था। इसके अलावा द्रौपदी ने अर्जुन के लिए यह व्रत रखा था। तभी से पत्नियां अपने पति की सलामती के लिए यह उपवास रखती हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार करवा नाम की स्त्री अपने पति के साथ नदी के किनारे के गांव में रहती थी। एक दिन उसका पति नदी में स्नान कर रहा था तभी एक मगरमच्छ ने उसका पैर पकड़ लिया। वह मनुष्य अपनी पत्नी को पुकारने लगा। उसकी आवाज सुनकर पत्नी करवा वहां पहुंची और मगरमच्छ को कच्चे धागे से बांध दिया। इसके बाद महिला यमराज के पास पहुंची और विनती करते हुए कहा कि हे भगवान! मगरमच्छ को आप नरक में ले जाओ। यमराज बोले, उसकी आयु शेष है, उसे नहीं मार सकते। इस पर करवा बोली, अगर आप ऐसा नहीं करोगे तो मैं आप को श्राप दें दूंगी। यह सुनकर यमराज मगरमच्छ को यमपुरी भेज दिया। तभी से उस महिला को करवा माता कहने लगे और उनकी पूजा की जाने लगी।

**साहूकार के सात लड़के, एक लड़की की कहानी:-** एक साहूकार के सात लड़के और एक लड़की थी। एक बार कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को सेठानी सहित उसकी सातों बहुएं और उसकी बेटी ने भी करवा चौथ का व्रत रखा। रात्रि के समय जब साहूकार के सभी लड़के भोजन करने बैठे तो उन्होंने अपनी बहन से भी भोजन कर लेने को कहा। इस पर बहन ने कहा– भाई, अभी चांद नहीं निकला है। चांद के निकलने पर उसे अर्घ्य देकर ही मैं आज भोजन करूंगी।

साहूकार के बेटे अपनी बहन से बहुत प्रेम करते थे, उन्हें अपनी बहन का भूख से व्याकुल चेहरा देख बेहद दुख हुआ। साहूकार के बेटे नगर के बाहर चले गए और वहां एक पेड़ पर चढ़ कर अग्नि जला दी। घर वापस आकर उन्होंने अपनी बहन से कहा– देखो बहन, चांद निकल आया है। अब तुम उन्हें अर्घ्य देकर भोजन ग्रहण करो। साहूकार की बेटी ने अपनी भाभियों से कहा– देखो, चांद निकल आया है, तुम लोग भी अर्घ्य देकर भोजन कर लो। ननद की बात सुनकर भाभियों ने कहा– बहन अभी चांद नहीं निकला है, तुम्हारे भाई धोखे से अग्नि जलाकर उसके प्रकाश को चांद के रूप में तुम्हें दिखा रहे हैं।

साहूकार की बेटी अपनी भाभियों की बात को अनसुनी करते हुए भाइयों द्वारा दिखाए गए चांद को अर्घ्य देकर भोजन कर लिया। इस प्रकार करवा चौथ का व्रत भंग करने के कारण चौथ माता साहूकार की लड़की पर क्रोधित हो गई। चौथ माता की अप्रसन्नता के कारण उस लड़की का पति उसके सुसराल में बीमार पड़ गया और सुसराल वालों के घर में बचा हुआ सारा धन उसकी बीमारी में खर्च हो गया।

साहूकार की बेटी को जब अपने किए हुए दोषों का पता लगा तो उसे बहुत पश्चाताप हुआ। उसने गणेश जी से क्षमा प्रार्थना की और फिर से विधि-विधान पूर्वक चतुर्थी का व्रत शुरू कर दिया। उसने उपस्थित सभी लोगों का श्रद्धानुसार आदर किया और तदुपरांत उनसे आशीर्वाद ग्रहण किया। इस प्रकार उस लड़की के श्रद्धा-भक्ति को देखकर चोट माता प्रसन्न हो गइ और उसके पति को जीवनदान प्रदान किया। उसे सभी प्रकार के रोगों से मुक्त करके धन, संपत्ति और वैभव से युक्त कर दिया।

पूजा करते समय और कथा सुनते समय दो करवे रखने होते हैं, एक करवे में महिलाएं अर्घ्य देती हैं यानी जिसे उनकी सास ने दिया होता है और दूसरा वो जिसमें पानी भरकर बायना देते समय उसकी सास को देती हैं। करवा में रक्षा सूत्र बांधकर, हल्दी और आटे के सम्मिश्रण से एक स्वस्तिक बनाया जाता है। एक करवे को शुद्ध जल से और दूसरे करवे को दूध से भरते हैं और उसमें तांबे या चांदी का सिक्का डाल देते हैं। जब बहू व्रत शुरू करती है, तो सास उसे करवा देती है, उसी तरह बहू भी सास को करवा देती है। साधारण तय मिट्टी के करवा का उपयोग किया है किन्तु कई जगह स्टील के लोटे का प्रयोग भी किया जाता है।

सरगी– सरगी आम तौर पर पंजाबी समुदाय के लोगों में ज्यादा प्रचलित होती है, लेकिन दूसरे समुदाय के लोग भी इसका प्रयोग करते हैं। सरगी का मतलब है कि सास की ओर से बहू को करवा चौथ पर दी जाने वाली एक तरह की भेंट। यह भोजन की एक ऐसी थाली होती हैं जिसमें कुछ खास चीजें होती हैं जिसे खाने से भूख और प्यास कम लगती है और दिनभर ऊर्जा बनी रहती।। इन्हें खाने के बाद महिलाएं दिनभर निर्जला उपवास रखती है।

सरगी की थाली में ऐसी चीजें होती है जिसे खाने से भूख और प्यास कम लगती है और दिनभर एनर्जी बनी रहती। इसमें सूखे मेवे और फल होते हैं। साथ ही मिठाई होती है। अगर सास सरगी नहीं दे सकती तो बहू को पैसे भिजवा सकती हैं। सरगी में खाने के सामान के अलावा कपड़े, सुहाग की चीज, फेनिया, नारियल आदि रखे होते हैं। यह व्रत 21 अक्टूबर, 2024 को है।

प्रकृति का नियम हैं कि समय परिवर्तनशील है समय के साथ आदमी की सोच भी बदलती है। आज हमारा संविधान सभी को समान अधिकार प्रदान प्रदान करता है चाहे वो पुरुष हो या स्त्री इसी प्रकार सभी के कर्तव्य भी समान होते हैं । नर और नारी जीवन रुपया रथ के दो पहिये हैं स्वस्थ सुखी दाम्पत्य जीवन के लिये दोनों को स्वस्थ और कुशल होना जरूरी ऐ । क्या यह अधिक अच्छा नहीं होगा अगर पति भी इस पर्व पर अपनी पत्नी के सम्मान खुशाली और उसके स्वस्थ दीर्घ जीवन के लिए प्रार्थना करते हुए उसका हर काम में सहयोग करने की भावना को मूर्त रूप दें इसके लिये पुरुष अपनी पत्नी के स्वस्थ और दीर्घ जीवन के लिये करवा चौथ का व्रत रख कर उसको अपनी मर्जी से उसके द्वारा निर्धारित संकल्पों को पूरा करवाने में तन मन धन से उसकी सहायता और सहयोग करने का संकल्प लें ।

**–डॉ. जे. के. गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कॉलेज शिक्षा जयपुर**

# महर्षि दयानंद सरस्वती भारतीय राष्ट्रवाद की पुनर्स्थापना के महानायक थे : राज्यपाल बागड़े

**अजमेर,** (कासं)। राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े ने शनिवार को महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर अजमेर के पुष्कर रोड स्थित ऋषि उद्यान में आयोजित ऋषि मेले में शिकरत की। इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि महर्षि दयानन्द सरस्वती भारतीय राष्ट्रवाद की पुर्नस्थापना के महानायक थे। उन्होंने आर्य समाज की स्थापना की और समाज से छुआछूत व भेदभाव को मिटाने के साथ महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित समाज में जागरुकता लाने का काम किया।



राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े ने ऋषि मेले में आयोजित यज्ञ में आहुति दी।

- **राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े ने महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर आयोजित ऋषि मेले में शिकरत की**

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल बागड़े ने कहा कि हमारा देश में अनेक धर्म व पंथ है और पूजा अर्चना के तरीके भी अलग है, लेकिन सभी का लक्ष्य एक ही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में गुरुकुल परंपरा हजारों साल चली आ रही है, लेकिन वर्तमान में धीरे-धीरे क्षीण होती जा रही है, गुरुकुल परंपरा को पुनः स्थापित करना पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आर्य समाज एक राष्ट्रवादी संस्था है और प्रारंभ से ही उसका लक्ष्य देश का विकास रहा है। आर्य समाज के नियमों में संस्कारों का सिंचन, शारीरिक और सामाजिक विकास तथा देश की उन्नति का उल्लेख है।

समारोह को विधायक अनिता भदेल ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज के लिए महर्षि दयानन्द सरस्वती का योगदान उल्लेखनीय है, उन्होंने ही दुनिया को वेदों का ज्ञान कराया। समारोह में विशिष्ट अतिथि सूचना आयुक्त हरियाणा डॉ. कुलबीर छिकारा, अजमेर दक्षिण विधायक अनीता भदेल रहे। कार्यक्रम से पूर्व राज्यपाल ने इससे पूर्व राज्यपाल ने ऋषि उद्यान सिद्ध गौशाला में गायों को गुड़ खिलाया, माही पुरातत्व संग्रहालय का निरीक्षण भी किया। शाम पांच बजे आर्य वीर दल की ओर से व्यायाम प्रदर्शन किया गया। रात आठ बजे विषय आर्य समाज के गुरुकुल दशा और दिशा पर सम्मेलन आयोजित हुआ।

ऋषि मेले में डॉ. श्रीगोपाल बाहेती ने वक्ता के रूप शिरकत कर ऋषिवर दयानंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डॉ. गोपाल बाहेती ने आर्य समाज का राजनीति में क्या योगदान होना चाहिए विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि इतिहासकारों आर्य समाज को वो स्थाना क्यों नहीं दिया जो मिलना चाहिए था। इतिहासकारों के अनुसार आजादी की लड़ाई में 85 प्रतिशत फ्रीडम फाइटर (स्वतंत्रता सैनानियों) में आर्य समाजी थे। इस अवसर पर दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के मंत्री विनय आर्य, भाजपा संगठन मंत्री चंद्रशेखर, वैदिक विद्वान डॉ. सुरेंद्र कुमार, डॉ. रामचंद्र सहित अन्य विद्वान व आर्यजन बंधु उपस्थित रहे।

# रिफ : अफ्रीकन गिटारिस्ट की धुनों पर सैलानी झूमे

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान इंटरनेशनल फोक फेस्टिवल (जोधपुर रिफ) के 17वें संस्करण के चौथे दिन शनिवार को भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। अलसुबह अफ्रीकन गिटारिस्ट की धुनों पर श्रोताओं ने दिन की संगीतमय शुरुआत की। गिटारिस्ट लुइस व मेलांज ने अफ्रीकन सनराइज की धुनों को बजाया व अफ्रीकन इंस्ट्रूमेंट कोरा की धुनों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

जोधपुर रिफ महोत्सव के निदेशक दिव्य भाटिया ने बताया कि अलसुबह चार बजे ही जसवंतथड़ा पर श्रोताओं की भीड़ जुट गई थी। रिफ डॉन देखने के लिए देसी विदेशी मेहमान हल्के अंधेरे में जसवंतथड़ा के चबूतरे पर सफेद गद्दों पर बैठ कर अफ्रीकन संगीत के साथ सूर्य की पहली किरण का स्वागत करते नजर आए। इस पल को लोग अपने मोबाइल में भी कैद करते दिखे।

इस कार्यक्रम के बाद सैलानियों ने गाइड के साथ राव जोधा पार्क का अवलोकन किया। सफेद संगमरमर से बने स्मारक जसवंतथड़ा व उसके पास वॉटर बाडी में पक्षियों को निहारते व हेरिटेज को कैमरे में कैद कर सैलानी प्रकृति का लुत्फ उठाते नजर आए। सुबह 9.30 बजे कत्थक कलाकार तरनी त्रिपाठी ने बूट कैंप के दौरान चौखेलाव महल में सैलानियों को कत्थक के स्टैप्स सिखाए। फॉर्मर एथलिट, फंग्शनल ट्रेनर एंड अवॉर्ड विनिंग थर्ड जनरेशन क्सालिकल डांसर कत्थक के बीच ही पैदा हुई। तरणी ने अपनी मां गौरी शर्मा त्रिपाठी व ग्रैंड मदर व पदमा शर्मा से कथक सीखा। बूट कैंप में हिस्सा लेने वालों को तरणी ने हाथों के मूवमेंट व पांव के मूवमेंट की जानकारी दी। चौखेलाव बाग में 11 बजे पावाकथकली का आयोजन किया गया। केरल के आर्टिस्ट गुरुजी वेनु के निर्देशन में माइथोलोजी स्टोरीज के साथ पपेट्री शो किया। सैलानियों ने पावाकथकली की बारिकियों को जाना। दोपहर तीन बजे चौखेलाव महल में फिल्म सक्रिनिंग का आयोजन हुआ।

## राशिफल रविवार 20 अक्टूबर, 2024



पंडित अनिल शर्मा

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, तृतीया तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2081, कृत्तिका नक्षत्र प्रातः 8:32 तक, व्यतिपात योग दिन 2:11 तक, विष्टि करण प्रातः 6:47 तक, चन्द्रमा वृष राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थितिः** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-वृष, मंगल-मिथुन, बुध-तुला, गुरू-वृष, शुक्र-वृश्चिक, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज भद्रा प्रातः 6:47 तक है। मंगल कर्क राशि में दिन 2:23 पर प्रवेश करेगा। बुध उदय पश्चिम में रात्रि 9:37 पर होगा। आज करवा (करक) चौथ व्रत है। चन्द्रोदय जयपुर में रात्रि 8:07 पर होगा। आज व्यतिपात पुण्यं, दशरथ चतुरथी है। आज चतुरथी तिथि का क्षय हुआ है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 7:58 से 9:22 तक, लाभ-अमृत 9:22 से 12:12 तक, शुभ 1:36 से 3:01 तक।


**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:33, सूर्यास्त 5:50

### मेष




अपने आवश्यक कार्यों को करने का प्रयास करें। आज प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

### वृष




मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मिथुन




घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा।

### कर्क




आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य में व्यस्तता बनी रहेगी। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

### सिंह




अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

### कन्या




नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### तुला




अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी अभी बनी रहेगी।

### वृश्चिक




परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आवश्यक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है।

### धनु




स्वास्थ्य में सुधार होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में चल रहे मतभेद दूर होने लगेंगे।

### मकर




परिजनों के व्यवहार के कारण मन ठीक नहीं रहेगा और व्यथित हो सकता है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा।

### कुंभ



घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

### मीन



परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर

Rashtradoot

फोन:- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्ष: 46 संख्या: 90 प्रभात बीकानेर, रविवार 20 अक्टूबर, 2024 डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रू.

## वेदांता ग्रुप ने सी.एम. से 1 लाख करोड़ रूपए के निवेश की प्रतिबद्धता दोहराई

### ग्रुप चेयरमैन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री भजनलाल से गोवर्धन परिक्रमा विकास योजना से जुड़ने की इच्छा जताई

लंदन, 19 अक्टूबर। ब्रिटेन की यात्रा के आज आखिरी दिन, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्राकृतिक संसाधन समूह वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल से लंदन में मुलाकात की और उन्हें राजस्थान की प्रगति में भागीदार बनने के लिए आमंत्रित किया। बैठक में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और राजस्थान सरकार के प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्य मौजूद थे। बैठक में अनिल अग्रवाल ने, राजस्थान में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि यह निवेश वेदांता की कंपनियों - हिंदुस्तान जिंक, केयर्न ऑयल एंड गैस और सेरेंटिका रिन्यूएबल्स - के विस्तार में होगा और इसके अलावा, लघु और मध्यम उद्योगों के लिए गैर-लाभकारी (नॉन प्रॉफिट) आधार पर वेदांता ग्रुप उदयपुर के पास एक औद्योगिक पार्क भी स्थापित करेगी।

- **मुख्यमंत्री व उनकी टीम ने लंदन के ब्रिटिश संग्रहालय का दौरा किया व राजस्थान के संग्रहालयों व कला दीर्घाओं की संभावनाओं पर चर्चा की।**
- **उन्होंने वन्य जीव पर्यटन के क्षेत्र में निवेश का आव्हान किया तथा ब्रिटिश फिल्म निर्माताओं को राजस्थान में शूटिंग करने के लिये आमंत्रित किया।**
- **राजस्थान की शैक्षणिक संस्थाओं के विकास के लिये मैनचेस्टर विश्वविद्यालय के साथ एम.ओ.यू. का प्रस्ताव भी तैयार किया जायेगा।**

मुख्यमंत्री और अनिल अग्रवाल के बीच "पूंछरी का लौठा" (गोवर्धन परिक्रमा से संबंधित एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल) और उसके आस-पास के क्षेत्रों के एकीकृत विकास पर भी चर्चा हुई सरकारी प्रतिनिधिमंडल ने इस दौरान राजस्थान के कृष्ण भूमि विकास के तहत आने वाले क्षेत्रों पर एक विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया। "पूंछरी का लौठा" की विकास योजना से प्रभावित होकर अग्रवाल ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



*लंदन में मुख्यमंत्री भजनलाल से आज वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने मुलाकात की और राजस्थान में एक लाख करोड़ रु. के निवेश के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।*

## '6 साल से जेल में, अभी तक कोर्ट में पेश नहीं किया गया'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर। भीमा कोरेगाँव कैदियों ने तालोना सैन्ट्रल जेल में नवी मुंबई पुलिस कमिश्नर के विरुद्ध भूख हड़ताल शुरु कर दी है। इन कैदियों के लिए कई महीनों से सुरक्षा कर्मियों की अनुपलब्धता जैसे लचर कारण देकर निर्धारित तारीखों पर अदालत पहुँचने के लिए ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था नहीं की गई है।

- **भीमा कोरेगाँव केस के बंदियों ने नवी मुम्बई के पुलिस कमिश्नर के खिलाफ भूख हड़ताल शुरु की। बंदियों का आरोप है कि तारीख पर उन्हें कोर्ट नहीं ले जाया जाता, सुरक्षाकर्मी उपलब्ध नहीं होने का बहाना बनाकर रोक दिया जाता है।**

नौ अक्टूबर, 2024, को भीमा कोरेगाँव कैदियों के उनकी सुनवाई के दिन अदालत में पेश नहीं किया गया। उस समय, एडवोकेट सुरेन्द्र गाडलिंग, जो स्वयं अपना केस लड़ रहे हैं, ने जेल से वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग के माध्यम से अपने तर्क पेश किए। गाडलिंग के विस्तृत वक्तव्य सुनने के बाद मुंबई में स्पेशल एन.आई.ए. (नैशनल इन्वैस्टिगेशन एजेन्सी) कोर्ट (न. 25)

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'संसद में विपक्ष की भूमिका नहीं है सुप्रीम कोर्ट की'

### सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने कहा, सुप्रीम कोर्ट जनता की अदालत है और यही कार्य उसे करते रहना चाहिए

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड़ ने शनिवार को सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका को "जनता की अदालत" के रूप सुरक्षित रखे जाने की महत्ता रेखांकित की तथा कहा कि इसे संसद में विपक्ष के रूप में नहीं देखा जाना चाहिये।

- **चीफ जस्टिस ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की भूमिका और कार्य को इसमें पेश मामलों की प्रकृति व फैसलों के संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए।**
- **मुख्य न्यायाधीश ने शनिवार को गोवा में, सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन की पहली कॉन्फ्रैंस को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि, फैसला अनुकूल आए तो सुप्रीम कोर्ट को सही समझा जाता है, प्रतिकूल आए तो गलत, ऐसा नहीं होना चाहिए।**

सी.जे.आई. चन्द्रचूड़ ने स्पष्ट किया कि सर्वोच्च न्यायालय की जिम्मेदारी संसद में विपक्ष के रूप में कार्य करने की नहीं है। उन्होंने कहा कि जहाँ कानूनी असंगतियों या त्रुटि के लिये अदालत की आलोचना स्वीकार्य है, वहीं इसकी भूमिका एवं काम को नतीजों तथा केसों की प्रकृति के आधार पर नहीं आँका जाना चाहिये।

उन्होंने ये विचार उस समय व्यक्त किये, जब वे दक्षिण गोवा में "सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन (एस.सी.ए.ओ.आर.ए.) की प्रथम कॉन्फ्रेन्स को सम्बन्धित कर रहे थे।

अपने सम्बोधन के दौरान, पिछले 75 वर्षों में विकसित न्याय के प्रतिमान तक पहुँच को बनाये रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने इस सोच के विरुद्ध भी जजों को सचेत किया कि शीर्ष अदालत को केवल बड़े केसों पर ही फोकस करना चाहिये। उन्होंने जोर देते हुये कहा कि शीर्ष अदालत एक जन अदालत है तथा उसे अपना यह काम करते ही रहना चाहिये।

भारत के मुख्य न्यायाधीश ने शीर्ष अदालत के बारे में जनता की विभाजित राय पर भी चर्चा की तथा कहा कि यह शीर्ष न्यायिक संस्था का निर्णय जब पक्ष में होता है, तो सदैव उसकी तारीफ की जाती है, तथा उस समय आलोचना की जाती है, जब उसका निर्णय अपने पक्ष में नहीं होता। इस प्रकार उनकी सोच एवं मन:स्थिति ऐसी चीजों (प्रशंसा एवं आलोचना) से प्रभावित नहीं होनी चाहिये।

उन्होंने आगे कहा खासतौर से वर्तमान समय में मेरा मानना है कि हर व्यक्ति का सोच बहुत ज्यादा बँटा हुआ है। जब फैसला किसी के पक्ष में होता है, तो वह सोचता है कि सर्वोच्च न्यायालय कमाल की संस्था है, तथा जब निर्णय किसी व्यक्ति के खिलाफ होता है, तो वह इस संस्था की बुराई करता है।

## राज्य के दर्जे के लिये मोदी से मिलेंगे उमर अब्दुल्ला

श्रीनगर, 19 अक्टूबर। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला आगामी दिनों में केन्द्र शासित प्रदेश को राज्य का दर्जा बहाल करने के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय मंत्रियों से मिलने के लिए नयी दिल्ली जाएंगे। इससे पहले गुरुवार को, मंत्रिमंडल ने केन्द्र सरकार से जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सी.ई.टी. परीक्षार्थियों को रोडवेज यात्रा फ्री

जयपुर, 19 अक्टूबर। राजस्थान के 18 लाख से ज्यादा युवाओं के लिए अच्छी खबर है। राजस्थान सरकार ने समान पात्रता परीक्षा सेकेंडरी लेवल के स्टूडेंट्स को बड़ी राहत दी है। अब सी.ई.टी. में हिस्सा लेने वाले अभ्यर्थी रोडवेज बसों में 5 दिन फ्री में सफर कर सकेंगे। स्टूडेंट्स अपना एडमिट कार्ड और आधार कार्ड दिखाकर परीक्षा शुरू होने से 2 दिन पहले और परीक्षा खत्म होने के 2 दिन बाद तक राजस्थान के किसी भी शहर, गांव या कस्बे से फ्री में सफर कर सकेंगे। इसके अंतर्गत परीक्षार्थी अपने निवास स्थान, कोचिंग संस्थान या फिर प्रदेश के किसी भी हिस्से से परिवहन निगम की बसों में अपने परीक्षा केन्द्र तक फ्री में सफर कर सकेगा।

- **राजस्थान सरकार ने सी.ई.टी. परीक्षा में भाग ले रहे विद्यार्थियों को परीक्षा के 2 दिन पहले से 2 दिन बाद तक (कुल 5 दिन) एडमिट कार्ड दिखाने पर किसी भी शहर से फ्री यात्रा की सुविधा दी है।**

राजस्थान में स्टूडेंट्स को इससे पहले भी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बीस साल बाद कांग्रेस में लौटे कमाल फारुखी

### मराठवाड़ा के इस वरिष्ठ नेता की वापसी से महाराष्ट्र चुनावों में कांग्रेस को भारी लाभ होगा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर। महाराष्ट्र में कमाल फारुकी 20 साल बाद कांग्रेस में लौट आए हैं। कमाल ने वर्ष 2004 में कांग्रेस छोड़ी थी और बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था पर बाद में वे शरद पवार की एन.सी.पी. में चले गए थे।

मराठवाड़ा के इस वरिष्ठ नेता की वापसी को महाराष्ट्र के आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बहुत फायदेमंद माना जा रहा है।

कमाल फारुकी के बेटे उमर कमाल फारुकी भी कांग्रेस में आ गए हैं। उमर एन.सी.पी. की छात्र इकाई के उपाध्यक्ष थे और पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता भी रहे हैं।

कांग्रेस में आने के बाद फारुकी ने भाजपा की सांप्रदायिक, नफरत फैलाने वाली दक्षिणपंथी विचारधारा को परास्त करने पर जोर दिया और कहा "एक ही पार्टी है जो इस देश की मूल भावना का सही मायने में प्रतिनिधित्व करती है और देश में इसकी पुनर्स्थापना कर सकती है और वह है कांग्रेस।"

कमाल फारुकी की घर वापसी के बाद कांग्रेस पार्टी को अल्पसंख्यक वोट मिलने की उम्मीद फिर जगी है जो ओवैसी के पार्टी के मराठवाड़ा में पदार्पण के बाद कमजोर पड़ गई थी।

- **कमाल फारुखी ने 2004 में कांग्रेस छोड़कर बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था, बाद में वे शरद पवार की एन.सी.पी. में चले गए थे।**
- **कमाल के साथ उनके बेटे उमर फारुकी भी कांग्रेस में शामिल हो गए हैं।**
- **मराठवाड़ा में ओवैसी की पार्टी के आने से कांग्रेस को अल्पसंख्यक वोटों का नुकसान होने की संभावना थी, जिसकी भरपाई कमाल फारुकी की वापसी से हो सकेगी।**

## भाजपा ने राजस्थान की 6 सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए

### डॉ. किरोड़ी के भाई जगमोहन को दौसा से टिकट दिया, चौरासी का प्रत्याशी तय नहीं

जयपुर, 19 अक्टूबर। उपचुनाव के लिए भाजपा ने राजस्थान की 7 में से 6 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। भाजपा ने दौसा सीट से मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा को प्रत्याशी बनाया है। सलूंबर सीट पर दिवंगत विधायक अमृतलाल मीणा की पत्नी शांता देवी मीना को उम्मीदवार घोषित किया है। झुंझुनूं सीट से राजेन्द्र भांबू, देवली-उनियारा से पूर्व विधायक राजेन्द्र गुर्जर, खींवसर से रेवंत राम डांगा, रामगढ़ से सुखवंत सिंह को टिकट दिया है। चौरासी सीट पर भाजपा ने अभी प्रत्याशी घोषित नहीं किया है।

- **खींवसर को छोड़ बाकी सीटों पर भाजपा ने प्रत्याशी बदले।**
- **भाजपा प्रत्याशी हैं: दौसा- जगमोहन मीणा, झुंझुनूं- राजेन्द्र भांबू, देवली- राजेन्द्र गुर्जर, रामगढ़- सुखवंत सिंह, सलुम्बर- शांता देवी, खींवसर- रेवंत राम डांगा।**

भाजपा ने खींवसर को छोड़कर, सभी सीटों पर उम्मीदवार बदल दिए हैं। झुंझुनूं से पिछले चुनाव में उम्मीदवार बबलू चौधरी का टिकट काटकर राजेन्द्र भांबू को दिया है। देवली-उनियारा सीट पर कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के बेटे और 2023 में उम्मीदवार रहे विजय बैंसला का टिकट काटकर पूर्व विधायक राजेन्द्र गुर्जर को उम्मीदवार बनाया है। दौसा से पूर्व विधायक और पिछले उम्मीदवार शंकर लाल शर्मा का टिकट काटकर, किरोड़ी लाल मीणा के भाई और पूर्व आर.ए.एस. जगमोहन मीणा को टिकट दिया है। रामगढ़ सीट से जय आहूजा का टिकट काटकर, 2018 में हारे हुए उम्मीदवार सुखवंत सिंह को मौका दिया गया है।

खींवसर सीट से भाजपा ने 2023 के विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे रेवंतराम डांगा को एक बार फिर टिकट दिया है। रेवंतराम डांगा विधानसभा चुनाव से पहले आर.एल.पी. छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। उनको आर.एल.पी. प्रत्याशी हनुमान बेनीवाल ने 2069 वोटों के मामूली अंतर से हराया था। यह हनुमान बेनीवाल की अब तक की सबसे छोटी जीत थी। हनुमान बेनीवाल को कड़ी चुनौती देने के कारण रेवंराम डांगा पर एक बार फिर से भाजपा ने भरोसा जताया है।

सलूंबर से भाजपा प्रत्याशी शांता देवी अभी सेमारी में नगर पालिका अध्यक्ष हैं। शांता देवी सेमारी में सरपंच भी रह चुकी हैं। पूर्व में फर्जी मार्कशीट मामले में वो काफी चर्चा में रही थीं। करीब 3 साल पहले उदयपुर की सराड़ा कोर्ट ने फर्जी मार्कशीट पर पत्नी को पंचायत चुनाव लड़ाने के आरोप में सलूंबर विधायक स्व. अमृतलाल मीणा को जेल भेजा था। साल 2015 में विधायक अमृतलाल मीणा ने अपनी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



# सरिस्का के बफर ज़ोन में करंट लगाकर शिकार करने वाले दो जने गिरफ्तार

## रेंजर को सूचना मिली थी कि कुछ युवक जंगली सूअर व सांभर का शिकार करने आए हैं

**अलवर, (निसं)।** टाइगर रिजर्व फोरेस्ट सरिस्का के बफर जोन में करंट लगाकर शिकार करने वाले सिराबास के पास मीना की ढाणी के दो शिकारियों को गिरफ्तार किया है। इन्होंने बफर जोन वाले एरिया में तार लगाकर रात करीब 12 बजे करंट लगाया। वन विभाग की टीम ने रात करीब ढाई बजे मौके पर पहुंचकर करंट व तार को हटाया। इसके बाद सिरावास में मीना की ढाणी के दो युवकों को गिरफ्तार किया, जिनको शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया।

रेंजर शंकर सिंह ने बताया कि 16 अक्टूबर की रात को सिराबास में बफर जोन के जंगल के पास खेत में तार लगाकर करंट छोड़ने की सूचना मिली थी। पता लगा था कि कुछ युवक जंगली सूअर व सांभर शिकार करने आए हैं। जिन्होंने खेत में तार लगा करंट छोड़ रखा है। इसके



सरिस्का के बफर जोन में करंट लगाकर शिकार करने वाले दो शिकारियों को गिरफ्तार किया।

बाद मौके पर पहुंचे। करंट वाले तारे हटाए गए। बाद में सिरावास में मीना की ढाणी निवासी राजेंद्र मीणा व दिनेश मीणा को अरेस्ट कर लिया। सिरावास सिलीसेढ़ के पास लगता है। यह बफर जोन में टाइगर की

- **आरोपियों ने स्वीकार किया है कि आसपास के लोग पहले भी शिकार कर चुके हैं**
- **गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में पेश किया**


टेरिटरी से अधिक दूर नहीं है। इस क्षेत्र में लेपर्ड भी खूब हैं। बफर जोन में सात टाइगर हैं। तीन शावक भी हैं। इस तरह करंट लगाकर शिकार करने वाले लेपर्ड व टाइगर के लिए भी खतरा है। पकड़े गए आरोपियों ने इतना स्वीकार किया है कि आसपास के लोग पहले भी शिकार कर चुके हैं। अब इस मामले में वन विभाग की टीम जांच में लगी हैं।

# दो विदेशी युवकों के साथ बस चालकों ने मारपीट की

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** धार्मिक नगरी खाटूश्यामजी में दो विदेशी युवकों के साथ बस चालकों के द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार सूडान के दो युवक गैलालेडिन यूसुफ एडम व सेडिग रबी निजी बस से दिल्ली से जयपुर के लिए टिकट लेकर बैठ गये, लेकिन बस जयपुर ना जाकर खाटूश्यामजी आ गई। उन्होंने बताया कि खाटूश्यामजी में सुबह सात बजे उतारा गया। हमने जब शिकायत की हमें गलत शहर में छोड़ दिया गया।

हमें हमारा किराया के पैसे वापस कर दें। उसके बाद कंडक्टर राकेश ने विजेन्द्र,आर्यन, धर्मपाल सहित दो तीन लोगों को बुलाया और लाठियों, मुक्का और लातों से मारपीट शुरू कर दी जिससे दोनों के चोटें आईं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पीड़ित को खाटूश्यामजी एसडीएच मे प्राथमिक उपचार करवाया और मेडिकल करवाया। इसके साथ ही तीन जनों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। पुलिस ने दोनों युवकों से पहचान करवाई। उसके बाद राकेश, विजेन्द्र व धर्मपाल को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन आर्यन बेनीवाल फरार हो गया। पुलिस



खाटूश्यामजी में दो विदेशी युवकों के साथ मारपीट मामले में तीन जनों को गिरफ्तार किया।

आरोपी की तलाश कर रही है।

गौरतलब है कि यह विदेशी युवक जो वर्तमान में विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी बैचलर ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड में अध्ययन कर रहे हैं और सूडान एम्बेसी दिल्ली से जयपुर के लिए आ रहे थे लेकिन दोनों के साथ खाटूश्यामजी में आने के बाद मारपीट हो गई। पुलिस ने चार जनों के खिलाफ नामजद बीएनएस मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। मामले की जांच एएसआई सुरेश कुमार को दी है।

# भारत आदिवासी पार्टी ने सलूम्बर, चौरासी से टिकट दिये

## चौरासी से जिला परिषद सदस्य अनिल कटारा व सलूम्बर से पुराने प्रत्याशी जितेश कटारा को मैदान में उतारा

**उदयपुर, (कासं)।** भारत आदिवासी पार्टी (बी.ए.पी./बाप) ने उपचुनाव के लिए सलूंबर और चौरासी विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। इस ऐलान के बाद कांग्रेस के साथ चल रही गठबंधन की चर्चाओं पर विराम लग गया है।

चौरासी विधानसभा सीट पर सभी की निगाहें थीं। ये सीट राजकुमार रोत के सांसद बनने के बाद खाली हुई है। यहां से पार्टी ने जिला परिषद सदस्य अनिल कटारा पर दांव लगाया है।वहीं, सलूंबर सीट से जितेश कटारा उम्मीदवार हैं। पार्टी ने 2023 के विधानसभा चुनाव में भी इस सीट से कटारा को ही कैंडिडेट बनाया था। वे तीसरे नंबर पर रहे थे।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल रोत के अनुसार, पार्टी ने जनप्रतिनिधि सलैक्शन प्रणाली के तहत वोटिंग कराई थी। इसके बाद कैंडिडेट फाइनल हुए। सलूंबर सीट भाजपा विधायक अमृतलाल मीणा के निधन के कारण खाली हुई है।

जितेश कटारा, वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में 51691 वोट के साथ तीसरे नंबर पर रहे थे। पहले नंबर पर भाजपा के अमृतलाल मीणा और दूसरे नंबर पर कांग्रेस के रघुवीर सिंह मीणा थे। कटारा आदिवासी परिवार से वर्ष 2015 से जुड़े हैं। भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा में वर्ष 2017 में उन्होंने सराड़ा कॉलेज की कमान संभाली थी। जितेश कटारा ने 2019 में कॉलेज में विद्यार्थी मोर्चा को चुनाव जिताने में अहम भूमिका निभाई थी।

दरअसल,बागीदौरा उपचुनाव और बांसवाड़ा लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने बाप को समर्थन दिया था। इसलिए कांग्रेस नेताओं को उम्मीद थी कि बाप इस बार सलूंबर में उम्मीदवार नहीं उतारेगी। कैंडिडेट की घोषणा के बाद कांग्रेस में बेचैनी बढ़ गई है। क्योंकि 2023 के विधानसभा चुनाव में बाप कैंडिडेट द्वारा 50 हजार से ज्यादा वोट लेने के कारण कांग्रेस के दिग्गज नेता रघुवीर मीणा हार गए थे। इस बार भी रघुवीर मीणा सलूंबर से टिकट की दावेदारी पेश कर रहे हैं।

चौरासी विधानसभा सीट पर बाप ने अनिल कटारा (38) को कैंडिडेट बनाया है। वे पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। इस सीट से राजकुमार रोत लगातार दो बार चुनाव जीते हैं। बाप पार्टी के लिए यह सीट काफी मजबूत मानी जाती है। अनिल कटारा वर्तमान में जिला परिषद सदस्य हैं। वे साल 2016 में भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा से जुड़े। वे मोर्चा के प्रदेश प्रचारक भी रहे तथा पढ़ाई के दौरान वे आदिवासी विचारधारा वाली पार्टी से जुड़े थे।

इधर प्रत्याशियों की घोषणा के बाद बांसवाड़ा-डूंगरपुर से बास (बी.ए.पी.) सांसद राजकुमार रोत ने कांग्रेस से गठबंधन को लेकर बयान दिया है। उन्होंने दोनों सीटों पर कांग्रेस से समर्थन मांगा है। रोत ने कहा कि हमने कांग्रेस नेताओं से कहा है कि वे गठबंधन चाहते हैं तो चौरासी ओर सलूंबर दोनों सीटे छोड़ दें। हम देवली.उनियारा सीट पर प्रत्याशी नहीं उतारेंगे।

रोत के बयान पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष वल्लभराम पाटीदार ने पलटवार करते हुए कहा कि किसी तरह से कोई गठबंधन नहीं होगा। हमने लोकसभा में समर्थन दिया था। अब बी.ए.पी. को चाहिए कि वह कांग्रेस के समर्थन में आए। पाटीदार ने कहा कांग्रेस के ऑब्जर्वर 21अक्टूबर को डूंगरपुर आएंगे। चौरासी विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेंगे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आमराय के बाद प्रत्याशी की घोषणा की जाएगी।

# आपसी झगड़े में युवक की हत्या

**कोटा, (निसं)।** शहर के जवाहर नगर थाना इलाके में शुक्रवार को पुरानी रंजिश को लेकर झगड़ा हो गया। घटना कमांड सेंटर से दादाबाड़ी चौराहे जाने वाले नए वैकल्पिक मार्ग पर शुक्रवार देर रात 11.50 बजे की है। इसमें एक गुट ने दूसरे पर लाठी, डंडों और तलवारों से हमला कर दिया। इसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इसमें से एक की शुक्रवार देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई परिजनों ने हत्या का मामला दर्ज करवाया है। इस मामले में पुलिस ने टीम गठित कर जांच शुरू कर दी है।

जवाहर नगर थाने के सब इंस्पेक्टर गोपाल लाल ने बताया कि घटना में सुनील योगी व निखिल वर्धन उर्फ बंटी घायल हो गए थे। इन्हें लहूलुहान हालत में अस्पताल ले जाया गया। वहां सुनील ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद एमबीएस अस्पताल में बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। उन्होंने बताया कि घटना कमांड सेंटर से दादाबाड़ी चौराहे जाने वाले नए वैकल्पिक मार्ग पर शुक्रवार देर रात 11.50 बजे की है। पुरानी रंजिश को लेकर ही दोनों गुटों में झगड़ा चल रहा था। पुलिस को इसकी सूचना कंट्रोल रूम से मिली। उपनिरीक्षक ने बताया कि जब पुलिस मौके पर पहुंची तब दो जने घायल पड़े थे और साईड में बाइक पड़ी थी। पुरानी किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। घायलों का कहना था कि दूसरे गुट ने लाठी, डंडे और तलवारों से हमला कर दिया। घायलों को रात को अस्पताल लेकर आए थे। जिसमें से उपचार के दौरान सुनील योगी ने दम तोड़ दिया।

# मानव तस्करी के चार आरोपी गिरफ्तार

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर जिले के पीसांगन थाना पुलिस ने मानव तस्करी के आरोप में अंतर्राज्जीय गिरोह के चार आरोपियों (दो महिला-दो पुरुष) को गिरफ्तार किया है। दो दिन पहले बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना निवासी नाबालिग पीड़िता को उसका पति बच्चा सहित जयपुर रेलवे स्टेशन पर छोड़कर चला गया था। पीड़िता ट्रेन के एसी कोच में सवार हो गई। कोच में उसकी दो महिलाओं से मुलाकात हुई। शातिर महिलाएं उसे अजमेर लेकर पहुंच गई, यहां से कार में सवार होकर उसे पीसांगन ले आई। इस बीच पीड़िता ने उन महिलाओं की बात सुन ली और मौका पाकर बच्चे सहित वहां से फरार हो गई थी। ग्रामीणों की मदद से पीड़िता को थाने लाया गया, जहां पुलिस ने काउंसलिंग के लिए बाल कल्याण समिति को सौंप दिया था।

**सीडब्ल्यूसी ने कराया था मुकदमा दर्जः**-काउंसलिंग के दौरान पीड़िता को बेचने की बात सामने आई थी। समिति की अध्यक्ष ने थाने पीसांगन थाने में मानव तस्करी का मुकदमा दर्ज करवाया था। एसपी वंदिता राणा ने मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस को दिशा निर्देश दिए, जिस पर पुलिस ने मामले में अजमेर निवासी भरत मेहरा, नागौर जिले के डेगाना निवासी असलम कायमखानी और बिहार के पटना निवासी पूजा और रानी को गिरफ्तार कर लिया।

चारों आरोपी नाबालिग को बहला फुसलाकर उसे बेचने की फिराक में थे। पकड़े गए चारों आरोपियों का कोर्ट में पेश कर रिमांड लिया जाएगा। पुलिस का मानना है कि आरोपियों से पूछताछ में कई बड़ी वारदातें खुलने की संभावना है।

# 1200 नशीले कैप्सूल के साथ युवक को पकड़ा

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** शहर से सटे गांव छह जैड के कचरा प्लांट के पास नशीले कैप्सूल लेकर घूम रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया। तलाशी ली तो आरोपी के पास 1200 नशीले कैप्सूल बरामद हुए। इस पर आरोपी को थाने लेकर आया गया।

पुलिस उससे पूछताछ कर नशीली गोलियां लाने के पीछे उसके इरादे के बारे में पता कर रही है। पुलिस को शुक्रवार शाम शहर की श्यामनगर कॉलोनी से करीब एक किलोमीटर दूरी पर स्थित गांव छह जैड के कचरा प्लांट के पास एक व्यक्ति के नशीली गोलियां लेकर घूमने की जानकारी मिली थी। इस पर पुलिस टीम के साथ एएसआई प्रमोद कुमार ने दबिश दी तो मौके पर आरोपी सोहेल खान पुत्र सद्दीक खान को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पुरानी अबादी के वार्ड तीन लेबर कॉलोनी का रहने वाला है। मामले की जांच एएसआई छिंद्रपालसिंह को दी गई है।

# ई.ओ. भर्ती परीक्षा में पेपर लीक की आशंका, बीकानेर से महिला सहित आठ युवक हिरासत में

## स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने बीकानेर में एक साथ नौ स्थानों पर छापे मारे

**बीकानेर, (निसं)।** मई महीने में हुई ईओ परीक्षा में गड़बड़ी की आशंका में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने बीकानेर में एक साथ नौ स्थानों पर छापे मारकर एक महिला सहित आठ लोगों को हिरासत में लिया है। नकल सरगना तुलछाराम कालेर और उसके रिश्ते में भतीजे पौरव कालेर की पत्नी भावना गोस्वामी को भी एसओजी ने इस मामले में डिटेन किया है। परीक्षा में ब्लूटूथ से नकल के साथ ही अन्य गड़बड़ियों की आशंका है।

बीकानेर में हुई कार्रवाई के संबंध में एसओजी के एडिशनल एसपी सुनील कुमार ने बताया कि ईओ परीक्षा में गड़बड़ी की शिकायत के चलते जांच की जा रही है। इसी के तहत बीकानेर में नौ जगह छापे मारकर सात जनों को हिरासत में लिया गया है। इन लोगों से जयपुर में पूछताछ की जाएगी, जरूरत पड़ने पर गिरफ्तारी भी हो सकती है। बीकानेर में एसओजी की इस बड़ी कार्रवाई के बाद एकबारगी हड़कंप मच गया। एसओजी ने नकल व पेपर लीक मामले में प्रदेशभर में एक साथ एक्शन लिया है। बीकानेर में एक साथ 9 स्थानों पर दबिश दी गई है और 7 लोगों को किया गया डिटेन किया गया है।

बीकानेर के नया शहर, जेएनवीसी, कोतवाली, मुक्तप्रसाद नगर, जसरासर, कालू, खाजूवाला, नोखा, नापासर इलाकों में छापेमारी की गई है। ईओ भर्ती परीक्षा में इन लोगों पर पेपर लीक करने की आशंका है। पूछताछ के बाद ही आगे कार्रवाई की जाएगी। दोपहर करीब एक बजे एसओजी टीम सभी सात युवकों को

- **नकल सरगना तुलछाराम कालेर और उसके रिश्ते में भतीजे पौरव कालेर की पत्नी भावना गोस्वामी को भी एसओजी ने इस मामले में डिटेन किया**
- **मई महीने में हुई ईओ परीक्षा में ब्लूटूथ से नकल के साथ ही अन्य गड़बड़ियों की आशंका**
- **हिरासत में लिये लोगों से जयपुर में पूछताछ की जाएगी, जरूरत पड़ने पर गिरफ्तारी भी हो सकती है**

लेकर जयपुर रवाना हो गई। अभी किसी का भी नाम एसओजी ने सार्वजनिक नहीं किया है। देर शाम एसओजी के अधिकृत प्रेस नोट में बताया गया कि बीकानेर से तेजरासर निवासी ओमप्रकाश जाखड़ पुत्र भगवानाराम, अमीलाल पुत्र बनवारी लाल बिश्नोई निवासी तिलक नगर, राजाराम पुत्र लुम्बाराम निवासी चक 69 एचएम करमवाला, प्रेम चंद ज्याणी पुत्र हनुमानाराम ज्याणी निवासी मुक्ता प्रसाद नगर, बबीता बिश्नोई पुत्री भगवानाराम निवासी काकड़ा, अनिल सारण पुत्र ओमप्रकाश सारण निवासी करमीसर, कमलकांत तिवारी पुत्र राजेंद्र प्रसाद तिवारी निवासी मुक्ता प्रसाद नगर और सुनील धायल पुत्रराजाराम धायल निवासी जांगलू को डिटेन किया गया है। इनसे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस को आशंका है कि 14 मई 2023 को आयोजित राजस्व अधिकारी ग्रेड सेकंड और अधिशासी अधिकारी वर्ग चार (स्वायत्त शासन विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 2022 में इस तरह की गड़बड़ी की आशंका है। इस परीक्षा की काउंसलिंग 11 व 12 दिसम्बर 23 को हुई थी। पात्रता सूची की जांच में पाया गया कि नागौर के एक ही गांव खजवाना थाना कुचेरा से छह जनों का चयन हुआ है। एसओजी ने पंद्रह ज्ञात अभ्यर्थियों के साथ ही आठ अज्ञात अभ्यर्थियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। साथ ही तुलछाराम कालेर सहित षड़यंत्र में शामिल अन्य लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है।

# जोधपुर डिस्कॉम भंडार गृह से 21.23 लाख की चोरी

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर डिस्कॉम में बासनी औद्योगिक क्षेत्र में आए भंडार गृह के पीछे की दीवार तोड़कर घुसे चोरों ने बड़ी सैंध मार कर 21.23 लाख का कॉपर सहित अन्य सामान ले गए। पता लगने पर अब भंडार नियंत्रक की तरफ से बासनी थाने में रिपोर्ट दी गई है। बासनी पुलिस ने कुछ संदिग्ध लोगों से पड़ताल आरंभ की और जल्द ही मामले में खुलासे की बात की है।

थाना अधिकारी शफीक मोहम्मद ने बताया कि इसमें जोधपुर डिस्कॉम के वृत भंडार नियंत्रक संजय सारण ने केस दर्ज कराया है। भंडार गृह के हॉल संख्या दो के पीछे की दीवार टूटी मिली थी। इस पर भण्डार अधीक्षक धर्मवीर मिह वार्डकीपर उम्मेद सिंह और सुरक्षा प्रहरी रामपाल आदि वहां पहुंचे थे। वृत्त भण्डार की पूर्व दिशा वाली डीजल शेड की तरफ वाली मुख्य दीवार भी हॉल संख्या 1 के पीछे की तरफ से नीचे से टूटी हुई थी। दोनों दीवारों के सुराख कर चोर अंदर दाखिल हुए।

डीजल शेड की तरफ वाली मुख्य दीवार में भी पत्थरों को तोड़कर सुराख और सुराखों को पत्थरों से ढक दिया गया। बाद में जांच करने पर पता लगा कि चोर वहां से हजारों किलो की मात्रा में कॉपर वायर और इलेक्ट्रानिक सामान ले गए। थानाधिकारी शफीक मोहम्मद के अनुसार जल्द ही प्रकरण का खुलासा कर दिया जाएगा। वहां किसी प्रकार के कैमरे भी नहीं है। जांच हैड कांस्टेबल उमेशचंद को सौंपी गई है।

# क्रशर एवं शराब ठेके पर फायरिंग कर लूट करने वाले दो मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस दोनों आरोपियों को रायपुर-पाटन गांव में ले जाकर जुलूस निकाला



पाटन पुलिस ने पिस्तौल की नोक पर लूटपाट करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार कर रायपुर-पाटन गांव में जुलूस निकाला।



इंद्राज गुर्जर व ईश्वर सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

- **इंद्राज गुर्जर उर्फ टाइगर पर जिला एसपी द्वारा दस हजार रुपए का इनाम घोषित था**

**पाटन/जयपुर।** जिला स्पेशल टीम, एजीटीएफ टीम जयपुर व पाटन पुलिस ने इनामी अपराधियों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई करते हुए रायपुर मोड़ पर स्थित अंजनी क्रेशर पर फायरिंग कर लूट करने वाले व रायपुर-पाटन में शराब ठेके पर फायरिंग कर लूट करने वाले दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पाटन पुलिस शनिवार को दोनों आरोपियों को रायपुर-पाटन गांव में ले जाकर दोनों आरोपियों का जुलूस निकाला तथा जहां फायरिंग की गई थी उस जगह की उन लोगों से ही पूछताछ की गई।आरोपियों को देखकर ग्रामीणों में जो भय पैदा था उसको निकाला गया। थानाधिकारी ने बताया कि जो भी अपराधी इस तरह के अपराध करता है उनका अंजाम इसी तरह का होता है। आपके क्षेत्र में जहां कहीं भी अपराध होता हो इसकी जानकारी आप पुलिस को दें ताकि अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

पाटन थानाधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि पाटन क्षेत्र में हाल ही में रायपुर मोड़ पर स्थित क्रेशर पर फायरिंग कर लूटपाट करने वाले व रायपुर में शराब ठेके पर फायरिंग कर लूटपाट करने के दो मुख्य आरोपी जय ज्वाला माता 0333 गिरोह के सरगना इंद्राज गुर्जर उर्फ टाइगर पुत्र श्रीराम गुर्जर निवासी गोविंदाला तन रायपुर थाना पाटन जिस पर जिला एसपी द्वारा दस हजार रुपए का इनाम भी घोषित कर रखा था, दूसरा आरोपी ईश्वर सिंह पुत्र सुबे सिंह गुर्जर निवासी नांगल चेचिका पुलिस थाना पनियाला जिला कोटपूतली बहरोड़ आरोपियों के संदिग्ध ठिकानों पर दबिश देते हुए मीणा का नांगल की पहाड़ी क्षेत्र में पीछा कर गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी ने बताया कि 16 जुलाई को विक्रम निवासी ढाणी भढाणा की ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि मेरी लाइसेंसशुदा सरकारी शराब की दुकान रायपुर में स्थित है। 16 जुलाई को प्रातः लगभग 5:30 बजे मेरी शराब की दुकान की देखरेख करने वाले विजय कुमार गुर्जर के साथ आरोपी सुरेश पुत्र बीरबल, इंद्राज पुत्र श्रीराम निवासी गोविंदाला, कृष्ण पुत्र पोकर निवासी हेमराजपुरा, शेरसिंह पुत्र प्रेमसिंह निवासी भढाणा की ढाणी व अन्य लोग मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए और शराब ठेके में फायरिंग की एवं ठेके के हिसाब के रजिस्टर लेकर फरार हो गए।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि सरगना इंद्रराज गुर्जर पर नीमकाथाना जिले मे फायरिगं व अवैध वसूली के लगभग 6 प्रकरण दर्ज है। दोनों ही बदमाश सक्रिय हिस्ट्रीशीटर है। एमएन ने बताया कि आसूचना संकलन के दौरान टीम को सूचना मिली कि नीमकाथाना क्षेत्र में सक्रिय एक संगठित गैंग जय ज्वाला माता 0333 गिरोह का सरगना 10 हजार का ईनामी बदमाश ईन्द्राज गुर्जर उर्फ टाईगर व उसका साथी बदमाश ईश्वर गुर्जर पाटन थाना क्षेत्र में घुम रहे है, जो आज रात किसी भी वारदात को अंजाम देकर अवैध वसूली कर सकते है, उनके पास अवैध हथियार हो सकता है। इस पर टीम द्वारा सूचना को विकसित किया जाकर नीमकाथाना डीएसटी व थाना पाटन पुलिस को सूचना दी जाकर मोके पर बुलाया गया। इसके बाद एजीटीएफ एवं नीमकाथाना डीएसटी प्रभारी हैड कांस्टेबल दिनेश मय टीम व पाटन थानाधिकारी मय जाब्ता द्वारा पाटन के पहाडी क्षेत्र से उक्त ईनामी अपराधी ईन्द्राज गुर्जर उर्फ टाईगर और उसके साथी ईश्वर गुर्जरा को घेर कर बड़ी मुश्किल से पकड़ा गया। जिसके बाद थाना पाटन पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

# जीएसएस से 700 लीटर ट्रांसफार्मर तेल लूट का खुलासा

**जोधपुर, (कासं)।** जांबा थाना क्षेत्र के धोलासर जीएसएस पर अज्ञात चोरों द्वारा कर्मचारी के साथ मारपीट कर 700 लीटर ट्रांसफार्मर तेल लूटकर ले जाने के मामले का खुलासा करत पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

फलोदी एसपी पूजा अवना ने बताया कि शुक्रवार रात को सूचना मिली थी कि जाम्बा थाना क्षेत्र में धोलासर स्थित जीएसएम में गाड़ी में सवार होकर आए 4-5 अज्ञात आरोपियों ने कर्मचारी रामजीलाल के साथ मारपीट कर लाखों की कीमत का 700 लीटर ट्रांसफार्मर ऑयल (तेल) लूट लिया है। इस संबंध में जेईएन नितिश चन्द्र प्रसाद ने थाने में मामला दर्ज करवाया था। मामले का खुलासा करने व चोरों की गिरफ्तारी के लिए एएसपी विक्रमसिंह व वृताधिकारी अचलसिंह देवड़ा के निर्देशन में अलग-अलग टीमें बनाकर निर्देश दिए गए थे। जांबा थानाधिकारी अशोक कुमार और बाप थानाधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में टीमें बनाकर आरोपियों का पीछा कर तीन लुटेरों को दस्तयाब किया है। पुलिस टीम ने कार्रवाई से मात्र चार घंटे में ही लूट मामले का खुलासा किया है।

पुलिस ने मामले में नौसर मतौड़ा निवासी रावल सिंह, लोहावट निवासी स्वरूप सिंह और सुरेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपियों ने नागौर जिले में एक ही रात में पांच पेट्रोल पम्पों पर लूट की घटना को स्वीकार किया है।

## हेल्थ डिपार्टमेंट का सफाई अभियान

**बीकानेर,** (कासं)। प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को चिकित्सा संस्थान में सफाई दिशा-निर्देश दिए हैं।

राठौड़ ने पत्र में कहा है कि जिस तरह दीपावली पर हम अपने घरों की सफाई करते हैं। वैसे ही हमें अपने कार्य स्थलों की सफाई की जाए। इसके लिए सभी अस्पतालों को उपलब्ध बजट और उसके नियम भी बताए गए हैं ताकि अधिकाधिक बजट से बेहतर काम हो सके। इस सफाई अभियान के लिए सरकार को कोई अलग से बजट नहीं दिया गया है। शौचालय और बाथरूम में लीकेज को जीरो करना है।

बिजली के तारों को दुरूस्त करवाया जायेगा। पंखे स्वीच, लाइट्स को दुरूस्त करवाया जायेगा। कहीं कोई करंट नहीं हो। खिड़कियों के टूटे शीशे टूटे हुए हैं तो बदले जायेंगे। सभी कमरों में नया पेंट करवाना होगा, जो पांच साल तक खराब नहीं हो। जहां मरीजों की आवाजाही रहती हैं, वहां टाइल्स लगाई जायेगी।

सभी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों को वार्षिक रखरखाव का अनुदान मिलता है। जिसका उपयोग इस काम में होगा। सभी अस्पतालों में मेडिकल रिलीफ सोसायटी के फिक्स्ड डिपोजिट में राशि है। नियमों के अनुसार पचास हजार रूपए तक की सीमा भुगतान किए जा सकते हैं।

# बीछवाल-गंगाशहर में 7140 लीटर संदिग्ध घी सीज कर सैम्पल लिए

**बीकानेर,** (कासं)। दीपावली त्योहार से पहले हेल्थ डिपार्टमेंट और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर शहर के दो ठिकानों से करीब 7140 लीटर संदिग्ध घी को जब्त कर उसे मौके पर सीज किया गया।

सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत हेल्थ डिपार्टमेंट द्वारा बीकानेर के बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र में 4,350 लीटर संदिग्ध घी तथा गंगाशहर में पुलिस विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई मे 2,790 लीटर घी को मौके पर सीज किया गया। डॉ. गुप्ता ने बताया कि जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा दल द्वारा बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र में निरीक्षण किया गया। यहां फर्म मोहनलाल आशीष कुमार के गोदाम पर पहली बार एक नए ब्रांड ज्ञान ब्रांड का घी मिला वह भी सिर्फ 15- 15 लीटर के टीन में। इसको संदिग्ध मानते हुए 4,350 लीटर घी को सैंपल लेकर मौके पर ही सीज कर दिया गया। यहां से धौलपुर फ्रैश ब्रांड के स्किम्ड मिल्क पाउडर का भी नमूना लिया गया। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी भानूप्रताप सिंह तथा सुरेंद्र कुमार शामिल थे। दूसरी कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सौरभ तिवाड़ी की अगुवाई में गंगाशहर थाना अधिकारी समरवीर सिंह की मौजूदगी में हुई। घड़सीसर रोड पर मोहन टावर के सामने पुलिस द्वारा एक संदिग्ध घी के गोदाम को सीज किया गया था, जिसे मालिक विकास चौरडिया के प्रतिनिधि के सामने खोला गया। यहां मौजूद 2,610 लीटर सिद्धि प्रीमियम ब्रांड तथा 180 लीटर नटराज ब्रांड के घी को मौके पर ही नमूना लेकर सीज कर दिया गया।

**■ बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र में 4,350 तथा गंगाशहर में 2,790 लीटर घी को मौके पर सीज किया**

**खाद्य पदार्थों के सैम्पल लिए :** मिलावट पर वार अभियान के तहत शनिवार को सादुलशहर खंड में खाद्य पदार्थों के सैम्पल लिए। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मिलावट पर वार के तहत सादुलशहर के अग्रवाल सुपर मार्ट से पेय पदार्थ, आटा, बेसन किया जा रहा है। मिलावट पाए जाने पर नियमानुसार मिलावट खोरों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है।



**सादुलशहर में स्वास्थ्य विभाग की टीम में एफएसओ कंवरपाल सिंह, हंसराज गोदारा एवं यशपाल नोखवाल ने खाद्य पदार्थों के सैम्पल लिए।**

## घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**अनूपगढ़,** (कासं)। यहां बाइक चोर गिरोह दिनों दिन काफी सक्रिय हो रहा है। अनूपगढ़ के वार्ड नंबर 14 में बाइक चोरी का मामला सामने आया।

वारदात के बाद पीड़ित ने घटना की जानकारी वार्ड पार्षद सन्नी धायल को दी। सूचना मिलने पर वार्ड पार्षद सन्नी धायल मौके पहुंचे और आसपास लगे सीसीटीवी को चैक किया। वहीं मकान के पास लगे सीसीटीवी में चोरी की घटना कैद हो गई। घटना रात 10.30 बजे की है।

पार्षद ने बाइक चोरी की सूचना अनूपगढ़ पुलिस थाने में दी। सूचना मिलने पर हैड कांस्टेबल विनोद कुमार मौके पहुंचे और मामले में अनुसंधान शुरू कर दिया। शनिवार को पुलिस द्वारा आसपास लगे हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। वार्ड नम्बर 14 के पार्षद सन्नी धायल ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 10:40 पर वार्ड नम्बर 14 के निवासी प्रभुदयाल शर्मा ने उन्हें सूचना दी कि घर के बाहर खड़ी हुई बाइक चोरी हो गई है।

उन्होंने बताया कि प्रभुदयाल शर्मा लगभग 10:15 बजे बाइक पर अपने घर पर आये थे। वह बाइक को घर के बाहर खड़ी कर घर के अंदर चले गए और 15 मिनट बाद जब उन्होंने बाहर आकर देखा था तो उनकी बाइक गायब मिली। पार्षद ने बताया कि आए दिन शहर में बाइक चोरी की वारदातें हो रही है। इस बार भी बाइक चोरी होने पर उन्होंने इसकी सूचना अनूपगढ़ पुलिस थाने में दी। सूचना मिलने पर हैड कांस्टेबल विनोद कुमार पहुंचे।

## सार-समाचार

### गोचर भूमि में किया वृक्षारोपण



**भीनासर गोचर भूमि में आई.ए.एस. देवाराम सैनी ने पौधारोपण किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। भागीरथ नंदिनी संस्था के अध्यक्ष मिलन गहलोत ने बताया कि दूसरे चरण के वृक्षारोपण अभी पौधारोपण शुरू किया गया है जो 40 डिग्री से कम तापमान में कई किस्म के पौधे लगते हैं। जिनको अब लगाने का कार्यक्रम शुरू किया है। वृक्षारोपण का शुभारंभ पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी रहे देवाराम सैनी ने किया। देवाराम सैनी हाल ही में आरएएस से आईएएस बने हैं। देवाराम सैनी ने गोचर नगर विकास न्यास के ब्लॉक भूमि में हो रहे विशाल वृक्षारोपण का पूरे का अवलोकन किया। जिसमें नगर विकास न्यास नगर निगम बीकानेर वन विभाग ने करीब 2 लाख से ढाई लाख पेड़ लगाने हैं और नेपियर घास भी लग रही है। सैनी ने बताया कि बीकानेर में पूरे राजस्थान का एक मॉडल तैयार हो रहा है। गोवंश पशुओं के लिए हर समय घास उपलब्ध रहेगी और बहुत बड़ा ऑक्सीजन हब बन रहा है वृक्षारोपण में तुलसीराम गहलोत, ताराचंद गहलोत, निमेश सुथार, दुलीचंद गहलोत, कमल भाटी आदि उपस्थित थे।

### जैन कन्या कॉलेज में फ्रेश पार्टी




**जैन कन्या पीजी महाविद्यालय में फ्रेशर पार्टी में छात्राओं ने नृत्य की प्रस्तुति दी।**

**बीकानेर,** (कासं)। श्री जैन कन्या पीजी महाविद्यालय में नवआगतुंक छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ संध्या सक्सेना, वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ राजेंद्र जोशी, डॉ प्रेमरतन तोषनीवाल, डॉ पंकज दाधीच ने मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्ज्वलन करके किया। कार्यक्रम में 80 व 90 के दशक के संगीत पर छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्राओं का चयन किया गया जिसमें बीए, बीकॉम व बीसीए से मिस फ्रेशर गरिमा चौधरी, अक्षिता सोलंकी व स्नेहा एवं मिस ड्रीम गर्ल करिश्मा शर्मा, कोमल सेठिया व मोनिका सोनी रही। मिस चांदनी दिशा सोनी, दिवांशी सोनी व भूमिका सोनी चुनी गई। प्राचार्य डॉ संध्या सक्सेना ने नव आगंतुक छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में निर्णायकों की भूमिका निर्मला सांखला, शीतल शर्मा, रश्मि व्यास ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन भूमि सुथार और महक दफ्तरी ने किया।

### विद्यार्थियों ने की साफ-सफाई



**डेयरी विज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने श्रमदान कर झाडियों को हटाया।**

**बीकानेर,** (कासं)। वेटरनरी विश्वविद्यालय के डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय बीछवाल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय आवासीय परिसर में शनिवार को श्रमदान किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीरज कुमार शर्मा ने बताया कि इकाई के द्वारा महाविद्यालय परिसर में झाड़ियां व अन्य खरपतवारों को हटाकर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान किया गया एवं पूर्व में किये गये वृक्षारोपण पौधो को खाद-पानी देकर सार-संभाल की गई। इस अवसर पर पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के डॉ. सीताराम गुप्ता, डॉ. मनोहर सेन, डॉ. सुनील जांगिड़ और डॉ. दिवाकर उपस्थित थे।

# 'स्कूटी सवार महिला कांस्टेबल करेंगी महिलाओं की सुरक्षा'

**■ महिलाओं से छेड़छाड़, छीनाझपटी और फब्तियां कसने की घटनाओं को रोकने के लिए महिला पेट्रोलिंग यूनिट के 9 शक्ति दल बनाए**

**बीकानेर,** (कासं)। एस.पी. कावेन्द्र सिंह सागर का कहना हे कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आमजन की सुरक्षा और बदमाशों पर सख्ती के लिए फिक्स पिकेट्स, सायंकालीन और रात्रिकालीन गश्त की व्यवस्था की गई है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए स्कूटी सवार महिला कांस्टेबल शहर में गश्त पर रहेंगी।

नशे पर लगाम प्राथमिकता होगी। भुट्टों का चौराहा इलाके के अलावा अन्य स्थान चिन्हित किए गए हैं। देर रात तक चाय की दुकानों, डेयरी बूथ पर बेवजह लोगों का जमावड़ा नहीं रहने देंगे। पुलिस अधिकारियों से कहा गया है कि वे गश्त में किसी भी तरह की कोताही न बरतें। बीकानेर शहर में प्रवेश करने वाले पांच रास्तों पर नाके लगाकर चैकिंग की स्थाई व्यवस्था कर दी गई है। शहर में बदमाशों पर नजर रखने के लिए अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 29 फिक्स पिकेट्स लगाये गए हैं। महिलाओं से छेड़छाड़ रोकने के लिए महिला पेट्रोलिंग यूनिट गश्त की शक्ति टीमों को सक्रिय कर फील्ड में उतारा गया है।

बीकानेर जिले में पुलिस महकमे के नए कप्तान ने अपनी फिल्डिंग जमा दी है। आमजन में विश्वास और बदमाशों में खौफ की थीम पर पूरे शहर में स्थान चिन्हित कर पुलिसकर्मियों को तैनात किया है। इसके लिए 29 फिक्स पिकेट्स बना दी गई है। शाम को 6 से रात 10 बजे तक सायंकालीन गश्त शुरू की गई है जिसमें पुलिस थानों के एसएचओ खुद अपने-अपने इलाकों में पैदल गश्त करेंगे।

महिलाओं से छेड़छाड़, छीनाझपटी और फब्तियां कसने की घटनाओं को रोकने के लिए महिला पेट्रोलिंग यूनिट के 9 शक्ति दल बनाए गए हैं। इसमें शामिल महिला कांस्टेबल पूरे शहर में स्कूटी पर गश्त करेंगी और बदमाशों पर नजर रखेंगी। इसके अलावा हाईवे पर पांच ऐसी जगह स्थाई रूप से नाके लगाये गए हैं जहां से शहर में प्रवेश किया जाता है और बाहर निकला जाता है। इन नाकों पर एक एएसआई या हैड कांस्टेबल के साथ पांच कांस्टेबल तैनात रहेंगे जो 24 घंटे नाकाबंदी करेंगे। शहर और ग्रामीण इलाकों में रात को 11 बज से सुबह पांच बजे तक रात्रिकालीन गश्त की व्यवस्था की गई है। गश्त को प्रभावी बनाने के लिए जनरल चेकिंग अधिकारी भी लगाए गए हैं। शहरी क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था का प्रभारी एएसपी सिटी सौरभ तिवाड़ी और ग्रामीण इलाकों में एएसपी ग्रामीण कैलाशसिंह सांदू को बनाया गया है।

कोटगेट में रानीबाजार इंडस्ट्रियल एरिया में रोड नंबर 5 चौराहा, गोगागेट, शार्दुलसिंह सर्किल, फड़बाजार, रानी बाजार चौराहा। कोतवाली जेल रोड, बीकाजी की टेकरी, बड़ा बाजार, मोहता चौक। नयाशहर कोठारी अस्पताल, परशुराम द्वार, करमीसर तिराहा। मुक्ताप्रसाद नगर में तनेजा स्टोर।

## त्योहारी सीजन में ट्रेनों में कोच बढ़ाए

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। अगले कुछ दिन में त्योहारी मौसम में यात्रियों को सुविधा देने के लिए नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे ने ट्रेनों में एक्सट्रा कोच की व्यवस्था की है। जिससे यात्री आसानी से यात्रा कर सकें। कई ट्रेनों में साधारण तो कई में थर्ड ऐसी और सैकंड स्लीपर डिब्बों की बढ़ोतरी की गई है।

इनमें कई ट्रेनें शामिल हैं जो या तो श्रीगंगानगर से जोकर गुजरती हैं या श्रीगंगानगर से ही रवाना होती हैं। नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शशिकिरण के अनुसार श्रीगंगानगर-दिल्ली-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस ट्रेन में श्रीगंगानगर से एक से 30 नवम्बर तक तथा दिल्ली से दो नवम्बर से एक दिसम्बर तक एक थर्ड एसी और तीन साधारण श्रेणी डिब्बों की व्यवस्था की गई है। ऋषिकेश-श्रीगंगानगर-ऋषिकेश ट्रेन में ऋषिकेश से दो नवम्बर से एक दिसम्बर तक तथा श्रीगंगानगर से तीन नवम्बर से दो दिसम्बर तक एक सैकंड स्लीपर डिब्बा बढ़ाया गया है। श्रीगंगागनर-अंबाला श्रीगंगानगर एक्सप्रेस में एक नवंबर से तीस नवंबर तक पांच साधारण श्रेणी डिब्बों की बढ़ोतरी की गई है।

# करवा चौथ पर बाजारों में बढ़ी रौनक

**■ करवा चौथ पर खरीददारी में पूजा की थाली बनी महिलाओं की आकर्षण का केन्द्र**

**अनूपगढ़,** (कासं)। अक्टूबर और नवम्बर में भारत में काफी त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाए जायेंगे। 20 अक्टूबर को महिलाओं के लिए सबसे बड़ा त्योहार है। 20 अक्टूबर को करवा चौथ को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह है। करवा चौथ पर पति की लम्बी उम्र की कामना के साथ व्रत रखने वाली महिलाएं पूरी श्रद्धा और उत्साह से तैयारियां कर रही हैं।

करवा चौथ के अवसर पर अनूपगढ़ के बाजार में काफी रौनक देखने को मिल रही है। महिलाएं उत्साहपूर्वक नए कपड़े और श्रृंगार का सामान खरीद रही है। इस वर्ष करवा चौथ का व्रत रखने वाली महिलाओं के लिए अनूपगढ़ में पूजा के लिए विशेष रूप से तैयार की गई पूजा की थाली, लौटा, गिलास और छलनी आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

दुकानदारों ने बताया कि गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष महिलाएं काफी उत्साह के साथ खरीदारी कर रही है। वहीं कुछ दुकानदारों का मानना है कि ऑनलाइन शॉपिंग के कारण उनके व्यापार पर भी काफी नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

अनूपगढ़ के एक स्टूडियो के संचालक विक्की अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष महिलाएं विशेष रूप से पूजा के लिए थाली, लौटा, छलनी और गिलास तैयार करवा रही है। उन्होंने बताया कि उक्त सभी सामानों पर महिलाएं अपनी और अपने पति की फोटो प्रिंट करवा कर इन्हें विशेष रूप से तैयार करवा रही है।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष करवा चौथ के अवसर पर लगभग 70 से 80 महिलाओं ने यह सेट तैयार करवा लिए हैं। इन सेट को तैयार करने के लिए एडवांस बुकिंग भी की जा रही है। रविवार को होने वाले करवा चौथ के त्योहार को लेकर बाजारों में चहल-पहल तेज हो गई है। रविवार को मनाए जाने वाले इस पर्व के लिए महिलाओं में खरीददारी का उत्साह दिखाई दिया।

# दोगुने हुए सब्जियों के दामों ने स्वाद बिगाड़ा

**हनुमानगढ़,** (कासं)। तीन-चार महीने में हर सब्जी के दामों में दोगुनी बढ़ोतरी हुई है। इस कारण लोगों के घरों की रसोई का बजट बिगड़ गया है।

दीपावली के त्योहार से पहले सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। पिछले तीन-चार महीने में हर सब्जी के दामों में दोगुनी बढ़ोतरी हुई है। इस कारण लोगों के घरों की रसोई का बजट बिगड़ गया है। रसोई में रोजाना इस्तेमाल होने वाले आलू, टमाटर, मिर्च, लहसुन, प्याज, धनिया आदि की कीमतें काफी बढ़ गई हैं। दो महीने पहले टमाटर के भाव 30 से 40 रूपए किलो थे। वर्तमान में टमाटर की कीमत 60 से 70 रूपए किलो तक पहुंच गई है। प्याज जो 25 से 30 रूपए किलो मिलता था। वह आज 50 से 60 रूपए किलो मिल रहा है। लहसुन के भाव पिछले चार महीने से 300 से 400 रूपए किलो के आसपास हैं। पूर्व में जो व्यक्ति रोजाना एक किलो टमाटर लेकर जाता था। वह अब आधा किलो टमाटर खरीद रहा है।

शनिवार को सब्जी खरीदने टाउन की सब्जी मंडी में आये एक व्यक्ति ने बताया कि लोगों की पॉकेट मनी पर काफी फर्क पड़ा है। इस महंगाई ने आदमी की कमर तोड़ दी है। घर का बजट बिगड़ गया है। चाहे सिलेंडर हो, सब्जी हो या रिफाइंड तेल, हर वस्तु के दाम बढ़े हैं।

## ट्रेन में चढ़ने समय महिला गिरी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। रेल यात्रियों की लापरवाही कम होने का नाम नहीं ले रहा है। श्रीगंगानगर से कोटा के लिए शाम को गाड़ी संख्या 22982 रवाना होने पर एक महिला चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में गिर गई।

मौके पर ड्यूटी पर तैनात पाइंट्समैन मनोज दुबे ने इस महिला को भागकर खींच लिया और उसकी जान बचा ली। अगर महिला को बाहर की ओर न खींचा जाता तो उसकी जान जा सकती थी। मनोज की इस कोशिश की सभी ने प्रशंसा की। बाद महिला को सकुशल ट्रेन में बैठाकर रवाना कर दिया।

# रोडवेज में दो से अधिक बेटिकट यात्री पकड़े तो कंडक्टर का तबादला

**■ बस की जांच में 47 यात्रियों को बिना टिकट पकड़ा**


**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम रोडवेज ने बसों में बेटिकट यात्री रोकने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। निगम के प्रबंध निदेशक ने आदेश जारी कर स्पष्ट किया है कि यदि किसी बस में दो या उससे अधिक बेटिकट यात्री जांच के दौरान पकड़े जाते हैं तो संबंधित कंडक्टर का जिले से तबादला किया जायेगा।

इस आदेश का उद्देश्य राज्यभर में बसों में बेटिकट यात्रियों की संख्या को कम करना और परिवहन प्रणाली में पारदर्शिता और अनुशासन बढ़ाना है। निगम ने चेतावनी दी है कि इस नियम का उल्लंघन करने पर और भी कड़ी कार्रवाई की जायेगी। साथ एमडी ने कहा कि उड़नदस्ते या निरीक्षक दल के साथ अभद्र व्यवहार करने या राजकार्य में बाधा डालने वाले चालक या कंडक्टर के खिलाफ भी सख्त कदम उठाया जायेगा। पिछले महीने बीकानेर की चीफ मैनेजर इंदिरा गोदारा द्वारा एक बस की जांच के दौरान 47 यात्रियों को बिना टिकट पकड़ा था। हालांकि इस घटना के बाद रोडवेज ने संबंधित बस चालक जगदीश सिंह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे हटा दिया था। रोडवेज के एमडी पुरुषोत्तम शर्मा ने आदेश में लिखा कि बस में चालक या कंडक्टर के स्थान पर स्टेपनी कार्य करवाते पाया गया तो संबंधित चालक या कंडक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने प्रदेश के सभी चीफ मैनेजरों और जांच दल को निर्देश दिए कि स्टेपनी कार्य पकड़े जाने पर संबंधित प्रबंधक चालक या कंडक्टर का रूट ऑफ करने के बाद आरोप पत्र जारी करेंगे। साथ ही संबंधित कार्मिक को निलंबित करने के साथ ही उसका मुख्यालय बदल जायेगा।

# पांच स्कूलों में 1.70 करोड़ की लागत से बनेंगे 12 कक्षा-कक्ष : गोदारा

**बीकानेर,** (कासं)। लूणकरनसर विधानसभा क्षेत्र के पांच गांवों के सरकारी स्कूलों में 1.70 करोड़ रूपए की लागत से 12 नए कक्षा-कक्ष बनाए जायेंगे। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने शनिवार को शिलान्यास किया। उन्होंने कतरियासर में 5.62 लाख रूपए की लागत से बनने वाले जल मंदिर का शिलान्यास और गजरूपदेसर द्वितीय में 5 एमवीए के अतिरिक्त ट्रांसफार्मर का लोकार्पण भी किया।

इस अवसर पर गोदारा ने कहा कि 'शिक्षित लूणकरणसर, विकसित लूणकरणसर' की परिकल्पना को साकार के लिए संकल्पबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जायेगी। उन्होंने कहा कि नए कक्षा-कक्ष बनने से विद्यार्थियों को शिक्षण का बेहतर वातावरण मिलेगा। उन्होंने निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ निर्माण करने के निर्देश दिए। गोदारा ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। इन्हें बेहतर शिक्षा देना और संस्कारित करना शिक्षकों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि बच्चों को सह शैक्षणिक गतिविधियों से भी जोड़ा जाए। स्कूली खेल प्रतियोगिताओं में इनकी भागीदारी सुनिश्चित हो। स्कूलों में इनसे जुड़ी सुविधाओं का विस्तार भी किया जायेगा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रत्येक वर्ग के हितों को लेकर प्रतिबद्ध है।



**खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने पांच गांवों में स्कूलों में बनने वाले कक्षा-कक्षों का शिलान्यास किया।**

**■ गजरूपदेसर द्वितीय में 5 एमवीए के अतिरिक्त ट्रांसफार्मर का लोकार्पण भी किया**


उन्होंने आव्हान किया कि स्थानीय जनप्रतिनिधि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से संचालित सरकारी योजनाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाएं। जिससे वे इनका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्योगों के विस्तार और अधिक से अधिक निवेश लाने के उद्देश्य से राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीकानेर जिले में भी अब तक निवेशकों ने दस हजार करोड़ से अधिक के निवेश की सहमति जताई है। इससे हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा।

# महिला अत्याचारों से संरक्षण के लिए जागरूकता जरूरी : तेनगुरिया

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीगंगानगर के द्वारा महिला एवं बाल अधिकारों के संरक्षण हेतु शिविर का आयोजन भारती शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान, श्रीगंगानगर में किया गया।

मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया द्वारा छात्राओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत प्रदत की जाने वाली विधिक सेवाएं यथा निशुल्क विधिक सहायता, पीड़ित प्रतिकर योजना, डिफेंस काउंसिल द्वारा पीड़ित अभियुक्तों का बचाव, विधिक चेतना शिविर, पैरालीगल सर्विस, रालसा व नालसा स्कीम, प्री-लिटिगेशन, स्थाई लोक अदालत व राष्ट्रीय लोक अदालत के अन्तर्गत आने वाली विभिन्न सेवाओं के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की।

साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित टोल फ्री नम्बर 15100 व इसकी आधिकारिक वेबसाईट व पोर्टल वे व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु तैयार पोस्टर का विमोचन भी उपस्थित मंच द्वारा किया गया। टोल फ्री नम्बर पर 15100 पर आमजन कॉल कर कानून से संबंधित अपनी विभिन्न समस्याओं को जरिये फोन द्वारा दर्ज करवा सकते हैं। उनकी समस्याओं का निराकरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीगंगानगर द्वारा किया जायेगा। इसी दौरान महिलाओं के लिए जो विधिक सेवायें हैं उनके बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।



**महिला एवं बाल अधिकारों के संरक्षण शिविर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया ने संबोधित किया।**



एक फैन (हिटमैन) ने रोहित से पूछा रोहित जी आईपीएल में कौन सी टीम? इस पर रोहित ऊपर देखने के बाद नीचे देखते हैं और बोलते हैं किधर चाहिए बोल?

- रोहित शर्मा

भारतीय बल्लेबाज, एक फैन के सवाल का जवाब देते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी



### बाबर आजम

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान बाबर आजम पिछले कुछ समय से आउट ऑफ फॉर्म से गुजर रहे हैं। लगातार प्रयास के बावजूद उनके बल्ले से रन नहीं निकल रहे हैं। इसी कारण से उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच की स्क्वाड से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। फिर पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 152 रनों से हरा दिया है। वह भी बाबर और शाहीन अफरीदी जैसे बड़े खिलाड़ियों के बिना। पाकिस्तान को लंबे समय बाद घर पर टेस्ट मैच में जीत नसीब हुई इसके बाद फैंस ने बाबर की सोशल मीडिया पर जमकर आलोचना की।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट में लगातार कैच आउट होने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के इमरान खान के नाम है। इमरान अगस्त 1982 से नवंबर 1986 तक लगातार 19 पारियों में कैच आउट हुए।

## अदिता राव और भरत राघव ने जीते एकल खिताब

लखनऊ, 19 अक्टूबर। गुजरात की अदिति राव ने हरियाणा की टॉप सीड अनमोल खरब को एक कड़े मुकाबले में 21-6 11-21, 21-12 से हराकर डा. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इण्ड़िया सीनियर रैंकिंग बैड़मिंटन टूर्नामेंट 2024



का खिताब अपने नाम कर लिया है वहीं पुरुष एकल में हरियाणा के भरत राघव, एयर इंडिया के राहुल भारद्वाज को 25-23, 21-10 से हराकर चैंपियन बने। बीबीडी बैडमिंटन अकादमी में खेली गयी प्रतियोगिता के आखिरी दिन शनिवार को सभी फाइनल मुकाबले खेले गये।- कर्नाटक की शिखा गौतम व अश्विनी भट्ट की जोडी ने पांडिचेरी की कवि प्रिया व महाराष्ट्र की सिमरन सिंघी को 21-17, 21-16 से हराकर महिला युगल का खिताब जीता। उत्तराखंड के ध्रुव रावत व पंजाब की राधिका शर्मा की जोड़ी ने हरियाणा के अक्षित महाजन व अनधा पाई की जोड़ी को 21-6, 23-21 से हराकर मिश्रित युगल मे चैंपियन बनी। तमिलनाडु के संतोष गजेन्दरन व आरबीआई के शिवम् शर्मा की जोड़ी ने कर्नाटक के प्रकाश राजेश व आन्ध्र प्रदेश के गोउष साइक को 23-21, 17-21, 21-12 से हराकर पुरुष युगल के चैंपियन बने। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विजेता एंव उपविजेता खिलाडियों को मेडल प्रदान किये जबकि यूपी बैडमिंटन एसोसियेशन के चेयरमैन विराज सागर दास और अध्यक्ष डा नवनीत सहगल ने सभी विजयी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र दिये।

## राव राजा हनुत सिंह कप : जयपुर टीम और कैरिसिल पोलो का फाइनल आज

जयपुर, 19 अक्टूबर। सितंबर पोलो सीज़न के अंतर्गत आरपीसी पोलो ग्राउंड पर राव राजा हनुत सिंह कप का फाइनल मैच जयपुर पोलो टीम ओर कैरिसिल पोलो टीम के बीच आज शाम 4 बजे खेल जाएगा। जयपुर पोलो टीम की ओर से सिमरन शेरगिल, वाटसन, महेंद्र सिंह ओर महाराज पदमनाभ सिंह वहीं क्राइसील पोलो की ओर से अल्बेरदी, शमशीर अली, डिनो धनखड़ ओर कुलदीप सिंह राठौड़ खेलेंगे। आज के मैच के अम्पायर: मार्टिन एच. स्कॉर्टिचिनी एवं मजीनि ओर रेफरी मृत्युंजय सिंह चौहान होंगे।

## दौसा के 3 खिलाड़ियों का हुआ 19 कूच बिहार ट्रॉफी के लिए चयन

दौसा, 19 अक्टूबर। ज़िला क्रिकेट संघ के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने बताया कि दौसा जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों की बड़ी उपलब्धि है जिसमे जिले के 3 खिलाड़ियों सचिन शर्मा, देवकृत शर्मा और ध्रुव सेठी का राज्य टीम के संभावित में चयन हुआ है ।जहां इनमें से कैंप के आधार पर कूच बिहार ट्रॉफी जो कि राष्ट्रीय स्तर पर बीसीसीआई द्वारा आयोजित की जाती है के लिए चयन किया जाएगा इन तीनों खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन और चैलेंजर ट्रॉफी में प्रदर्शन के आधार पर कैंप में स्थान मिला है । उल्लेखनीय है कि इसमें से सचिन शर्मा का हाल ही में हुई वीनू मांकड़ ट्रॉफी के लिए भी राज्य टीम में चयन हुआ था और उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया था जिले के क्रिकेट की इस उपलब्धि में जिला क्रिकेट संघ के सचिव बृज किशोर उपाध्याय का अहम योगदान है जिन्होंने खिलाड़ियों के चयन और प्रशिक्षण के लिए हर संभव प्रक्रिया और मार्गदर्शन दिया।

# सरफराज खान ने इंटरनेशनल क्रिकेट में मचाया तूफान

## जड़ा करियर का पहला शतक

बेंगलुरु, 19 अक्टूबर। भारत ने यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम में चौथे दिन शनिवार को रोमांचक मुकाबले के बाद न्यूजीलैंड को पहला टेस्ट जीतने के लिए 107 रनों का लक्ष्य दिया। सरफराज खान और ऋषभ पंत के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने अपनी दूसरी पारी में 462 रन बनाकर शानदार वापसी की।

सरफराज ने परिपक्वता और कौशल का प्रदर्शन करते हुए शानदार 150 रन बनाए, जबकि ऋषभ पंत ने विस्फोटक 99 रन बनाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया मगर वह शतक से चूक गए। उनकी 150 रनों की साझेदारी भारत को उनकी पहली पारी की हार से उबरने में मदद करने में महत्वपूर्ण थी। भारत की पहली पारी मात्र 46 रन पर सिमट गयी थी।

सूरज अस्त होने के साथ अंपायर लाइट मीटर पर रीडिंग लेने के लिए जुट गए और अंतत: खेल स्थगित करने का फैसला किया जबकि रोहित शर्मा और उनकी टीम चाहती थी कि मैच जारी रहे। इस बीच, न्यूजीलैंड के लैथम और कॉनवे धीमी रोशनी में आगे बढ़ने का जोखिम उठाने को तैयार न होते हुए चुपचाप चले गए। भारतीय टीम के डटे रहने के बावजूद अंपायरों ने स्थिति का आकलन किया



और मैदान के दोनों छोर पर रोशनी की जांच की। ऊपर एक विशाल काला बादल छा गया था, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई थी। न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखने की उम्मीद में रोहित ने सुझाव दिया कि क्या वह स्पिन गेंदबाजी कर सकते हैं। हालाँकि, अंपायरों ने दूसरे दिन ली गई बेंचमार्क रीडिंग का हवाला दिया और उन्हें खेल रोकने का निर्णय लेना पड़ा। खराब रोशनी के कारण दिन के लगभग 44 ओवर का नुकसान हुआ।

भारतीय खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम में घुसने के बाद बारिश शुरू हो गई, जिसके कारण अंपायरों को दिन का खेल रद्द करना पड़ा। दोपहर के सत्र में, न्यूजीलैंड ने चाय से पहले आखिरी दस ओवरों में सिर्फ 38 रन देकर तीन महत्वपूर्ण विकेट लेकर वापसी की। रवींद्र जडेजा 5 रन बनाकर विलियम ओरूर्के की गेंद पर विल यंग के हाथों कैच आउट हुए।

भारत के निचले क्रम को न्यूजीलैंड के आक्रमण के खिलाफ चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसमें रविचंद्रन अश्विन और जसप्रित बुमरा दोनों मैट हेनरी की गेंद पर आउट हुये। अश्विन 15 रन पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गए, जबकि बुमराह और मोहम्मद सिराज दोनों बिना खाता खोले आउट हो गए, जिससे भारत के केवल दो विकेट शेष रह गए।भारत ने लंच तक तीन विकेट पर 344 रन बना लिये थे और उसको न्यूजीलैंड की पहली पारी की लीड को बराबर करने के लिये 12 रन की जरुरत थी। सरफराज की स्थिर पारी और पंत की आक्रामक बल्लेबाजी ने भारत की लड़ाई के लिए एक ठोस आधार तैयार किया। पंत ने नौ चौके और पांच छक्के लगाए, जिसमें टिम साउदी की गेंद पर शानदार 107 मीटर का छक्का भी शामिल था। अंतिम दिन की ओर बढ़ेंगी, न्यूजीलैंड लक्ष्य का पीछा करना चाहेगा, जबकि भारत का लक्ष्य अपने आखिरी विकेट सुरक्षित करना और अपनी बढ़त का बचाव करना है।

## बारिश कर सकती है भारत और न्यूज़ीलैंड के भाग्य का फैसला

बेंगलुरु, 19 अक्टूबर। भारत और न्यूजीलैंड के बीच बेंगलुरु टेस्ट के पहले दिन का खेल बिगाड़ने के बाद बारिश और खराब मौसम मैच के निर्णायक दिन रविवार को परिणाम पर भी असर डाल सकता है। मैच के चौथे दिन शनिवार को बारिश और खराब रोशनी ने मैच में बाधा पहुंचायी और मौसम विभाग की माने तो रविवार को भी बारिश की संभावना है।

न्यूजीलैंड को मैच को अपने पक्ष में करने के लिये 107 रनो की दरकार है जबकि भारत को अप्रत्याशित जीत के लिये सभी दस कीवी बल्लेबाजों की गिल्लियां उड़ानी होंगी। हालांकि भारत इससे पहले यह करिश्मा कर चुका है,इसलिये अगर पूरे दिन का मैच संभव हुआ तो परिणाम किसी के पक्ष में जा सकता है। शनिवार शाम जब ख़राब रोशनी के कारण मैच रुका तो भारतीय कप्तान रोहित शर्मा सहित पूरी टीम नाख़ुश दिख रही थी। इसका अर्थ यह भी है कि कम लक्ष्य के बावजूद भारतीय टीम भी जीत के लिए जाएगी। टेस्ट के पहले दिन का खेल भी लगातार बारिश और गीले मैदान के कारण रद्द हो गया था। हालांकि दूसरे दिन खेल समय पर शुरू हुआ और विपरीत परिस्थितियों में भारतीय टीम 31.2 ओवर में 46 रन पर ऑलआउट हो गई थी। इसके बाद न्यूज़ीलैंड की टीम ने 402 रन बनाया, जवाब में भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 462 रन बनाकर न्यूज़ीलैंड को 107 रनों का लक्ष्य दिया।

## भारत को बुलाने के लिए फिर गिड़गड़ाया पाक

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर। पाकिस्तान में अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होना है। पाकिस्तान इसकी मेजबानी भी कर रहा है। हालांकि, टीम इंडिया के पाकिस्तान यात्रा को लेकर अभी भी संशय बना हुई है। इसका बड़ा कारण दोनों देशों के बीच खराब रिश्ते हैं। इन सबके बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बीसीसीआई के एक ऐसा प्रस्ताव भेजा है जिससे बात बन सकती है। पीसीबी ने बीसीसीआई से संपर्क किया है और एक ऐसी व्यवस्था का प्रस्ताव रखा है, जिसमें भारत को अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान मैचों के बीच नई दिल्ली या चंडीगढ़ लौटने की अनुमति दी जाएगी, अगर टीम सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान में रहने की इच्छुक नहीं है। पीसीबी ने बीसीसीआई को मौखिक सुझाव दिया है कि भारतीय टीम नयी दिल्ली या चंडीगढ़ या मोहाली में शिविर लगा सकती है और अपने मैचों के लिए विशेष उड़ान का इस्तेमाल करके लाहौर जा सकती है। हालांकि, पीसीबी के एक सूत्र ने इसकी पुष्टि जरूर की लेकिन यह भी कहा कि बोर्ड ने लिखित में कोई सुझाव नहीं दिया है। सूत्र ने कहा, ''लेकिन हां, यह सच है कि इन विकल्पों पर अधिकारियों के बीच मौखिक रूप से चर्चा हुई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारत अपने मैच पाकिस्तान में खेले।''

## आर.के. स्पोर्ट्स और सुराणा एकेडमी सेमीफाइनल में



जयपुर, 19 अक्टूबर। रेलवे ग्राउंड गणपति नगर पर आयोजित आर के चतुर्वेदी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला जयपुर रेलवे क्रिकेट अकादमी व आर के स्पोर्ट्स अकादमी के बीच खेला गया ।जिसमें जयपुर रेलवे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 71 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें गौरव मीणा ने 17 व मोहित ने 13 रन का योगदान दिया ।आर के स्पोर्ट्स अकादमी की ओर से गेंदबाजी में चिराग शर्मा ने 4 व आयुष गुर्जर ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आर के स्पोर्ट्स अकादमी ने मात्र 4.2 औवर में 74/1 रन बना सेमी फाइनल में जगह बना ली। जिसमें सचिन काकोड़िया ने नाबाद ताबड़तोड़ 17 बॉल 46 रन व अर्जित गुप्ता ने 20 रन का योगदान दिया। 2 आर के चतुर्वेदी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में अंकित प्रताप सिंह व रामनिवास गोलाड़ा की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से सुराणा एकेडमी सेमीफाइनल में। के चतुर्वेदी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला सुराणा क्रिकेट अकादमी व आर एस क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया।जिसमें आर एस क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 143 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें नरेंद्र सिंह तोमर ने 55 रन व मयंक परमार ने 23 रन का योगदान दिया। सुराणा क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में प्रिंस सिंह राठौड़, रामनिवास गोलाड़ा व प्रशांत यादव को 2-2 विकेट मिले। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुराणा क्रिकेट अकादमी ने 9.2 ओवर में बिना विकेट खोए 144 रन बना सेमीफाइनल में जगह बना ली। जिसमें अंकित प्रताप सिंह ने नाबाद 32 बॉल 74 रन ओर रामनिवास गोलाड़ा ने नाबाद 24 बॉल 67 रन की पारी खेली।

# 99 पर आउट होने वाले दूसरे विकेटकीपर बने ऋषभ पंत



नई दिल्ली, 19 अक्टूबर। न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट में भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत ने अपनी बेहतरीन पारी के दम पर सबको प्रभावित किया है। हालांकि, वो अपने शतक से चूक गए और 99 रन पर आउट हो गए। 99 रन पर आउट होने के बाद पंत भारतीय टेस्ट इतिहास में इस स्कोर पर आउट होने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं।

पंत ने पहली पारी में भारत के लिए सबसे ज्यादा 20 रन बनाए थे और दूसरी पारी में शतक बना लेते लेकिन दुर्भाग्यवश वो इसे पूरा करने में असफल रहे।भारतीय टेस्ट इतिहास में 99 रन पर आउट होने वाले पहले विकेटकीपर एमएस धोनी थे। धोनी ने साल 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ हुए टेस्ट मैच में 99 रन पर आउट हुए थे और इस स्कोर पर आउट होने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बने थे। अब 12 साल के बाद ऋषभ पंत के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ और वो धोनी के बाद इस स्कोर पर टेस्ट में आउट होने वाले दूसरे भारतीय विकेटकीपर बन गए। वैले पंत ओवरऑल 99 पर आउट होने वाले दुनिया के चौथे विकेटकीपर बने। पंत टेस्ट क्रिकेट में 6 शतक लगा चुके हैं और 7 बार नाइनटीज पर आउट हुए हैं।

### पंत ने एमएस धोनी का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया

चौथे दिन सरफराज खान के साथ बल्लेबाजी करने उतरे पंत ने अपना 12वां टेस्ट फिफ्टी मात्र 55 गेंदों में पूरा किया। इसी के साथ उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपने 2500 रन भी पूरे कर लिए हैं। पंत अब धोनी को पछाड़ कर टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 2500 रन बनाने वाले भारतीय विकेट बन गए हैं। ये कामबायी उन्होंने 62वीं पारी में हासिल की जबकि धोनी के नाम पर ये रिकॉर्ड 69 पारियों में दर्ज था।

## दक्षिण अफ्रीका के पास पिछले विश्वकप की टीस मिटाने का भरपूर मौका

दुबई, 19 अक्टूबर। पिछले साल महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में घरेलू प्रशंसकों के सामने हारने की टीस मिटाने का दक्षिण अफ्रीका के पास इस बार संयुक्त अरब अमीरात में बेहतरीन मौका है जब वह रविवार को फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरेगी।

पिछले एक साल में काफी कुछ बदल गया है, सुने लुस के स्थान पर इस बार टीम की बागडोर लॉरा वोल्वार्ड्ट के हाथों में है। टीम के सदस्य क्लो ट्रायोन ने फाइनल मैच की पूर्व संध्या पर प्रेस कांफ्रेंस में कहा ''मुझे लगता है कि जब वह (वोल्वाड्र्ट) पहली बार आई थी, तो वह शायद थोड़ी घबराई हुई थी। वह अब काफी शांत है और मुझे लगता है कि वह चीजों को कैसे करना चाहती है, इस बारे में वह और अधिक स्पष्ट है। उसे वरिष्ठ खिलाड़ियों से समर्थन मिला है, जो वास्तव में अच्छा है।

इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि टीम शक्तिशाली ऑस्ट्रेलियाई टीम पर जीत के बाद फाइनल में पहुंच गई है। ऐसी जीत से फाइनल में पहुंचने के लिए उनके आत्मविश्वास में काफी वृद्धि होनी चाहिए। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है, लेकिन ट्राइटन ने समूह के भीतर शांति और पिछले कुछ महीनों से सीख पर जोर देने का फैसला किया, जिससे प्रोटियाज टीम वास्तव में तेजी से प्रगति कर रही है।

ट्रायन ने कहा मुझे लगता है कि हम ऐसी स्थितियों में हैं जहां सब कुछ हमारे अनुकूल नहीं रहा है। मुझे लगता है कि हमने पहले की तुलना में बहुत तेजी से सीख लिया है। मुझे लगता है कि हमें भी ऐसा लगता है कि हमारे पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है। हम वास्तव में टूर्नामेंट में नहीं आए, इस तथ्य से घबराए हुए थे कि हमने फाइनल खेला था और हमसे एक और फाइनल में पहुंचने की बड़ी उम्मीद थी।उन्होंने कहा, हमने इससे पहले बहुत सारे खेल खेले हैं और मुझे लगता है कि हम ऐसी स्थितियों में रहे हैं जहां यह वास्तव में हमारे रास्ते पर नहीं गया, लेकिन हमने जितनी जल्दी हो सके कोशिश करने और वापसी करने के तरीके ढूंढे। ट्रायॉन ने कहा, इसलिए, मुझे लगता है कि खिलाड़ियों को इससे बहुत कुछ अवगत कराया गया है और वे हर खेल में बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। 2023 में दिल टूटने की घटना अभी भी दक्षिण अफ्रीका टीम के दिलोदिमाग में ताजा है, लेकिन एक साल के भीतर इसी तरह की स्थिति में आने के बाद, टीम मजबूती से एकजुट हो गया है।

## राजधानी

# राजकॉम्प के तकनीकी महाप्रबंधक छत्रपाल सिंह के पास मिली करोड़ों रु. की संपत्ति

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । एंटी करप्शन ब्यूरो (ए.सी.बी.) ने जयपुर, दिल्ली, गाजियाबाद में छापेमारी करते हुए राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लिमिटेड ग्रुप (योजना भवन) के तकनीकी महाप्रबंधक छत्रपाल सिंह की करोड़ों रु. की काली कमाई का खुलासा किया है। ए.सी.बी. ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में शनिवार को इस कार्रवाई को अंजाम दिया। उसके दिल्ली और गाजियाबाद स्थित घर पर पोर्श, डिफेंडर जैसी लग्जरी कारें मिली हैं।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि छत्रपाल सिंह के 10 ठिकानों पर छापेमारी की गई। आरोपी छत्रपाल और उसके परिवारजनों के नाम पर जयपुर में श्याम नगर सब्जी मंडी के पास एयर अपार्टमेंट में दो फ्लैट, महादेव नगर सोडाला में मकान तथा दिल्ली और गाजियाबाद स्थित घर पर करोड़ों रुपए के 5 चौपहिया महंगे लग्जरी वाहन मिले। जिनमें एक पोर्से कार, एक जगुआर लैण्ड रोवर डिफेण्डर कार, एक महिन्द्रा थार, एक महिन्द्रा स्कॉर्पयो और शेवर्ले कुज वीसीडीआई शामिल है। आरोपी के ठिकानों से महंगी लग्जरी बी.एम.डब्ल्यू. बाइक एवं करीब 6 लाख की नकदी मिली है। इसके अलावा कई बीमा पॉलिसियों में निवेश के दस्तावेज और एक बैंक लॉकर व कई बैंक खाते मिले हैं, जिनकी तलाशी ली जानी शेष है। आरोपी छत्रपाल द्वारा राजापार्क में एक किराये की सम्पत्ति, जिसमें ''सिम्पली डिवाईन'' नाम से स्पा होना व वर्तमान में स्पा को किसी अन्य को किराये पर देने की भी पुष्टि हई। छत्रपाल सिंह द्वारा अशोक नगर जयपुर में हैप्पी हार्ट फाउण्डेसन भी संचालित करने की जानकारी मिली है, जिसकी तलाशी में लाखों रूपये का निवेश सामने आया है। इसके अलावा ए.सी.बी. टीम को छत्रपाल के ठिकानों से महंगे रिसोर्ट्स में रूकने संबंधी कागजात तथा विदेश यात्राओं की जानकारी भी प्राप्त हुई, जिसके बारे में जांच की जा रही है। मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. के प्राथमिक आंकलन और प्रथम सूचना रिपोर्ट व अब तक तलाशी में मिले दस्तावेजों के अनुसार आरोपी छत्रपाल सिंह द्वारा अपने सेवाकाल में भ्रष्टाचार के साधनों द्वारा करोड़ों रुपये की चल-अचल संपत्तियां अर्जित करना सामने आया है, जो उसकी वैध आय से आनुपातिक रूप से कहीं अधिक है। इसके अतिरिक्त आरोपी व उसके परिजनों द्वारा कई बेनामी परिसम्पत्तियों में निवेश के साक्ष्य भी मिले हैं, जिनकी विस्तृत जाँच की जायेगी ।

ज्ञात रहे कि बीते दिनों मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग (डी.ओ.आई.टी. ) में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत करते हुए 3500 करोड़ के घोटाले के आरोप लगाए थे।

ए.सी.बी. महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि, ब्यूरो मुख्यालय को गोपनीय सूत्र-सूचना प्राप्त हुई थी कि राजकॉम्प इंफ्रा सर्विस लि. के तकनीकी महाप्रबंधक छत्रपाल सिंह ने अपने और अपने परिजनो के नाम से अपनी वैध आय से कई गुणा ज्यादा राशि भ्रष्टाचार के साधनों द्वारा अर्जित की गई है। ड्यूटी के दौरान विभिन्न जमीन, फ्लैट, मकान और लग्जरी वाहनों पर निवेश किया हुआ है। इस पर शिकायत का सत्यापन कराया गया। छत्रपाल सिंह के राजकीय सेवा शुरू करने से अब तक 2.39 करोड़ रुपए (85.62 प्रतिशत) की संपत्ति वैध आय से ज्यादा होना पाया गया है। इस पर एफआईआर दर्ज कर एडिशनल एसपी संदीप सारस्वत को जांच दी गई। शनिवार को कोर्ट से आदेश लेकर सर्च शुरू किया गया है।इस सूचना पर ए.सी.बी. की इन्टेजिलेन्स टीम ने गोपनीय रूप से सत्यापन किया तो शिकायत सही मिली। इस पर ए.सी.बी. ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का प्रकरण दर्ज करते हुए शनिवार को एक साथ जयपुर, दिल्ली, गाजियाबाद में छापेमारी तय की। इसके लिए सक्षम कोर्ट से तलाशी वारंट लिया गया।

इसके बाद शनिवार को जयपुर में सोडाला स्थित महादेव नगर में मकान नंबर 31 पर, अजमेर रोड पर श्याम नगर सब्जी मंडी के सामने एयर अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 1206, 1306 और 1401 पर, अशोक नगर (सी स्कीम) डियर पार्क के सामने युधिष्ठिर मार्ग के प्लॉट नंबर 25 में तीसरे फ्लोर पर फर्म हैप्पी हार्ट फाउंडेशन फर्म में, सिविल लाइन स्थित इंडसइंड बैंक में अधिकारी की पहली पत्नी मोहिनी राठौड़ के लॉकर की जांच, राजापार्क में लेन नंबर 6 में स्थित सिंपली डिवाइन स्पा पर, योजना भवन में राजकॉम इन्फो सर्विसेज लिमिटेड के ऑफिस में, हनुमानगढ़ के वार्ड नंबर 147 में 43 एसएसडब्ल्यू डबली वास मौलवी पर, उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में राजनगर एक्सटेंशन के सी- 402 फॉर्च्यून रेजीडेंसी के चौथे फ्लोर पर,गाजियाबाद के वैशाली में सेक्टर 9 स्थित फर्म ला-टेक सॉल्यूशन में सर्च किया गया।

## प्रवीण सिंह चौहान प्रदेशाध्यक्ष व तुलछाराम सिंवर प्रदेश महामंत्री बने

**जयपुर**। भारतीय किसान संघ की राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी का चुनाव 19 अक्टूबर को पाथेय भवन में राष्ट्रीय अध्यक्ष बद्रीनारायण चौधरी की अध्यक्षता व सह संगठन मंत्री गजेन्द्रसिंह के मार्गदर्शन में आयोजित प्रदेश प्रतिनिधि सभा मे सम्पन्न हुए।

इस दौरान प्रवीण सिंह चौहान निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुने गए वही तुलछाराम सिंवर निर्विरोध प्रदेश महामंत्री चुने गए। चुनाव अधिकारी व अखिल भारतीय कार्यकारी अध्यक्ष व चुनाव अधिकारी रामभरोस बसोतिया द्वारा मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष दलाराम बटेसर द्वारा वर्तमान प्रदेश कार्यकारिणी को भंग घोषित करने के पश्चात अध्यक्ष व महामंत्री हेतु चुनाव प्रक्रिया आरम्भ की गई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्विरोध चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात प्रवीण सिंह चौहान को प्रदेश अध्यक्ष व तुलछाराम सिंवर को प्रदेश महामंत्री निर्वाचित घोषित किया गया।निर्वाचन के पश्चात नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें विनोद धारणिया, छोगालाल सैनी, राम मूर्ति मीणा को प्रदेश उपाध्यक्ष, रघुनाथ सिंह, प्रो चंद्रावती, हरिराम मांजू को प्रदेश मंत्री, वीरेंद्र सिंह चौधरी को प्रदेश कोषाध्यक्ष, दलाराम बटेसर को सीमा क्षेत्र प्रमुख, प्रेमसिंह बेनीवाल मंडी व विपणन, शिवराज पूरी को अभिलेखाकार व राजस्व प्रमुख, बद्रीलाल जाट अफीम आयाम प्रमुख, सुहास मनोहर को एग्रो इकॉनोमिक सेंटर प्रमुख, करण सिंह को कार्यालय प्रमुख, राजीव दीक्षित को प्रचार प्रमुख, रामा जी महिला प्रमुख, प्रह्लाद नागर को जैविक प्रमुख, डॉ लोकेश गुप्ता को युवा प्रमुख, डॉ राजेन्द्र बाबू दुबे बीज प्रमुख, रामकुमार खिलेरी पर्यावरण प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रदेश प्रतिनिधि सभा को अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री गजेंद्र सिंह व अखिल भारतीय अध्यक्ष बद्रीनारायण चौधरी ने सबोधित किया।इस दौरान अखिल भारतीय महिला प्रमुख मंजू दीक्षित, जोधपुर प्रांत अध्यक्ष माणक राम परिहार, महामंत्री विजय सिंह घिंटाला, चित्तौड़ प्रान्त अध्यक्ष शंकरलाल नागर, महामंत्री अम्बालाल शर्मा, जयपुर प्रान्त अध्यक्ष कालूराम बागड़ा, महामंत्री सांवरमल सोलेट, चित्तौड़ प्रांत संगठन मंत्री परमानंद, जोधपुर प्रांत संगठन मंत्री हेमराज, सीकर संभाग नीरजकुमार सहित तीनों प्रान्तों की प्रान्त कार्यकारिणी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बीमा प्रीमियम पर जी.एस.टी. घटेगी

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर। स्वास्थ्य बीमा और जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी दरें घटाने के प्रस्ताव पर राज्य मंत्री समूह ने सहमति जताई है, जिससे आम आदमी को बड़ी राहत मिल सकती है। मंत्री समूह ने सुझाव दिया कि वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी और टर्म लाइफ इंश्योरेंस प्रीमियम पर जी.एस.टी. को पूरी तरह खत्म किया जाए। वहीं, 5 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी पर जी.एस.टी. छूट देने और उससे ऊपर की पॉलिसी पर 18 प्रतिशत जी.एस.टी. लागू रखने का सुझाव दिया गया है।

मंत्री समूह ने जीएसटी दरों के पुनर्गठन पर भी चर्चा की, जिसमें पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर, साइकिल, एक्सरसाइज़, नोटबुक, महंगे जूते और घड़ियों पर जीएसटी दरें कम या बढ़ाने की सिफारिश की गई है। इसमें 20 लीटर से अधिक पैकेज्ड पानी पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है, जिससे आम जनता को राहत मिल सके। 10,000 रुपये से कम कीमत की साइकिलों और एक्सरसाइज नोटबुक पर जीएसटी दर को भी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने की बात कही गई है। हालांकि, महंगे उत्पादों पर जीएसटी दरें बढ़ाने का प्रस्ताव है, जिसमें 15,000 रुपये से अधिक के जूतों और 25,000 रुपये से ज्यादा की घड़ियों पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से बढ़ाकर 28 प्रतिशत किया जा सकता है।

# रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल का पार्टी कार्यालय पर भव्य स्वागत होगा

## यू.के. तथा जर्मनी की सफल निवेश यात्रा के बाद मुख्यमंत्री का अभिनन्दन किया जायेगा

जयपुर, 19 अक्टूबर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि राजस्थान के युवाओं के हर हाथ को रोजगार देने के उद्देश्य से "राइज़िंग राजस्थान" के लिए जर्मनी और यू.के. गए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी रविवार को जयपुर लौट रहे हैं। विदेशी निवेशकों को राजस्थान में लाने के लिए प्रयत्नशील मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भारतीय जनता पार्टी की तरफ से एयरपोर्ट पर तथा भाजपा कार्यालय पर भव्य स्वागत-अभिनदंन किया जाएगा। मदन राठौड़ ने बताया कि रविवार दोपहर 2 बजे भाजपा कार्यालय के समक्ष मुख्यमंत्री शर्मा का भव्य स्वागत होगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने "राइज़िंग राजस्थान" को सफल बनाने के लिए मुंबई, दिल्ली, दक्षिण कोरिया, जापान के बाद, अब यू.के. और जर्मनी में जाकर निवेशकों को तैयार कर एम.ओ.यू. करने का ऐतिहासिक कार्य किया है। राजस्थान में निवेश आएगा तो रोजगार बढ़ेगा, प्रदेश की अर्थ व्यवस्था सुधरेगी और विकसित राजस्थान का सपना साकार होगा। राठौड़ ने शनिवार को महामंत्री श्रवण सिंह बागड़ी, उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, मोतीलाल मीणा, कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा तथा भाजपा पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मदन राठौड़ ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आगमन पर भाजपा पदाधिकारी, व्यापारी वर्ग, होटल एसोसिएशन, बुद्धिजीवी वर्ग, महिला मोर्चा एवं विभिन्न वर्गों के प्रबुद्धजन उनका स्वागत करेंगे। भाजपा कार्यालय पर भव्य जन सभा का आयोजन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री निवेश और निवेशकों के बारे में लोगों को जानकारी देंगे।

■ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि सफल विदेश यात्रा से लौटने पर पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर भाजपा पदाधिकारियों के अलावा व्यापारी वर्ग, होटल एसोसिएशन, बुद्धिजीवी वर्ग, महिला मोर्चा तथा अन्य वर्गों के प्रबुद्धजन उनका स्वागत करेंगे।

## सी.ई.टी. परीक्षार्थियों को ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भर्ती परीक्षाओं में शामिल होने के दौरान सरकारी बसों में फ्री में सफर करने की सुविधा दी जाती थी। अब तक यह सुविधा प्रतियोगी परीक्षा शुरू होने से एक दिन पहले और एक दिन बाद तक, यानी तीन दिन के लिए ही होती थी। इसके साथ ही स्टूडेंट अपने गृह जिले से ही परीक्षा केन्द्र तक फ्री में सफर कर सकते थे।

सरकार ने इस बाध्यता को हटाते हुए, न सिर्फ स्टूडेंट्स को भर्ती परीक्षा शुरू होने से 2 दिन पहले और 2 दिन बाद, यानी कुल 5 दिन फ्री में सफर करने की सुविधा दी है। बल्कि, गृह जिले की बाध्यता को हटाते हुए राजस्थान की सीमा में कहीं से भी स्टूडेंट को फ्री में सफर करने की छूट दी है।

गौरतलब है कि राजस्थान में वनपाल, छात्रावास अधीक्षक, कॉन्स्टेबल जैसी 12 भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा समान पात्रता परीक्षा सेकेंडरी लेवल का आयोजन 23 से 26 अक्टूबर तक तीन दिन में 6 पारियों में किया जाएगा। इसमें शामिल होने के लिए प्रदेशभर के 18 लाख 65 हजार स्टूडेंट्स ने आवेदन किया है।

# एयर इंडिया पर साठ हजार रुपए का हर्जाना

जयपुर, 19 अक्टूबर। जिला उपभोक्ता आयोग क्रम-1 ने निर्धारित राशि का टिकट बुक होने और बोर्डिंग पास जारी होने के बाद भी, यात्री को हवाई यात्रा नहीं कराने को सेवा दोष माना है। इसके साथ ही, आयोग ने एयर इंडिया पर साठ हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। आयोग अध्यक्ष सूबे सिंह और सदस्य नीलम शर्मा ने कहा है कि तय हर्जाना 45 दिन के अंदर परिवादी को अदा किया जाए। आयोग ने ये आदेश कपिल बाढदार के परिवाद पर दिए। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि विपक्षी के सेवा दोष के कारण प्रार्थी एवं उसके परिजनों को दिल्ली से जयपुर टैक्सी का किराया देकर आना पड़ा। इस दौरान उन्हें आधे घंटे के सफर को पूरा करने में 6 घंटे लगे।

परिवाद में कहा गया कि परिवादी ने 17 जनवरी, 2017 को जयपुर से भुवनेश्वर और 21 जनवरी को भुवनेश्वर से जयपुर का एयर इंडिया फ्लाइट का रिजर्वेशन करवाया था, जिसका कनैक्टिंग फ्लाइट का बोर्डिंग पास जारी किया गया था। एयर इंडिया की ओर से दिल्ली से जयपुर की फ्लाइट को समय से पहले ही उड़ाने से परिवादी और उसके परिजन उपरोक्त फ्लाइट को अटेंड नहीं कर पाये। ऐसे में उन्हें दिल्ली से जयपुर टैक्सी से आना पड़ा। मामले में परिवादी ने विपक्षीगण को ई-मेल और कस्टमर केयर सर्विस पर शिकायत भी दर्ज करवाई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में उसे क्षतिपूर्ति राशि दिलाई जाए। इस पर सुनवाई करते हुए, आयोग ने परिवादी को हर्जाना राशि अदा करने के आदेश दिए हैं।

■ जिला उपभोक्ता न्यायालय ने कपिल बाढ़दार के परिवाद पर यह आदेश दिया, क्योंकि एयर इंडिया ने बोर्डिंग पास जारी होने के बाद भी परिवादी को हवाई यात्रा करने से रोका।

# राज्य के दर्जे के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

का आग्रह करते हुए प्रस्ताव पारित किया।

आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि अब्दुल्ला की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य का दर्जा उसके मूल स्वरूप में बहाल करने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में कहा गया कि राज्य का दर्जा बहाल करना एक सुधार प्रक्रिया की शुरुआत होगी, जिसमें जम्मू-कश्मीर के लोगों के संवैधानिक अधिकारों को पुनः प्राप्त करना और उनकी पहचान की रक्षा करना शामिल है। मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री को राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए प्रधानमंत्री और केन्द्र सरकार के समक्ष मामला उठाने के लिए अधिकृत किया।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की विशिष्ट पहचान और लोगों के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा नवनिर्वाचित सरकार की नीति का आधार बना हुआ है।

# वेदांता ग्रुप ने सी.एम. से...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

राज्य सरकार की इस परियोजना को आगे बढ़ाने में मदद करने की अपनी इच्छा व्यक्त की।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा, इस बैठक में हमारे बीच बहुत ही सार्थक चर्चा हुई और राजस्थान में अपने निवेश को दोगुना करने एवं राज्य के व्यापारिक माहौल को और मजबूत बनाने के लिए उन्होंने हमारी सरकार से हाथ मिलाया है। वेदांता ग्रुप के चेयरमैन के साथ हुई इस बैठक में ब्रिटेन के कई अन्य प्रतिष्ठित निवेशक भी मौजूद थे। इसके बाद, मुख्यमंत्री शर्मा और राजस्थान सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने लंदन में ब्रिटिश संग्रहालय का दौरा किया और राजस्थान की कला संग्रहालयों और दीर्घाओं के साथ सहयोग की संभावनाओं पर संग्रहालय के अधिकारियों के साथ चर्चा की। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने लंदन में अंबेडकर हाउस का भी दौरा किया।

बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा,लंदन के जिस घर में बाबा साहेब अंबेडकर रहते थे, उसे कुछ सालों पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी के नेतृत्व में भारत सरकार ने संग्रहालय बना कर देश को एक अनमोल उपहार दिया था।

शुक्रवार को राइज़िंग राजस्थान पर्यटन सम्मेलन में बोलते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राजस्थान के पर्यटन क्षेत्र में अपार संभावनाओं की चर्चा की और राज्य की विरासत और वन्यजीव पर्यटन में निवेश का आव्हान किया। मुख्यमंत्री ने पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए ब्रिटिश फिल्म निर्माताओं से राजस्थान में शूटिंग करने की भी अपील की।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा, अकेले 2023 में राजस्थान के अंदर 18 करोड़ घरेलू और 17 लाख अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आये थे। राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन क्षेत्र का योगदान 12 का है। हमारा लक्ष्य इस क्षेत्र में ब्रिटिश निवेशकों के साथ एक पारस्परित संबंध बनाना है। इसके बाद, मैनचेस्टर विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और विज्ञान, इंजीनियरिंग, मानविकी और सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में राजस्थान स्थित शैक्षिणक संस्थानों के साथ सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। इस संबंध में मैनचेस्टर विश्वविद्यालय द्वारा जल्द ही राज्य सरकार के साथ एक एम.ओ.यू. का प्रस्ताव दिया जाएगा। इसके अलावा, यूरोप की सबसे बड़ी पावर एनालिटिक्स कंपनी ऑरोरा एनर्जी के साथ भी प्रतिनिधिमंडल की एक उपयोगी चर्चा हुई, जिसमें कंपनी ने राजस्थान में अपना कारोबार स्थापित करने में रुचि दिखाई।

मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के अलावा इंग्लैंड दौरे पर गए इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) श्री शिखर अग्रवाल, उद्योग विभाग और ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट्स (बीआईपी) के आयुक्त श्री रोहित गुप्ता और राजस्थान सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

# हिजबुल्लाह ने इज़रायली प्रधानमंत्री के निवास पर ड्रोन हमला किया

## प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ

तेल अवीव, 19 अक्टूबर। हमास प्रमुख याह्या सिनवार की मौत के बाद हिजबुल्लाह ने शनिवार सुबह ड्रोन से प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आवास पर हमला किया। हमले के समय नेतन्याहू और उनकी पत्नी वहां नहीं थे, हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने बयान में कहा कि यह हमला लेबनान की ओर से मध्य इजरायली शहर कैसरिया में प्रधानमंत्री के निजी आवास को लक्ष्य करके किया गया। ड्रोन हमले के समय नेतन्याहू वहां नहीं थे और इससे कोई हताहत नहीं हुआ है।

इज़रायल की मीडिया ने बताया है कि हाइफा के सीजेरिया इलाके में आज सुबह विस्फोट की आवाज सुनी गयी, जहां नेतन्याहू का निजी आवास है।

एक इज़रायली अधिकारी ने कहा, ईरान ने इज़रायल के प्रधानमंत्री की हत्या करने की कोशिश की।

■ इज़रायली रक्षा बल ने कहा कि लेबनान से तीन मानव रहित ड्रोन भेज गये थे। इनमें से दो को ध्वस्त कर दिया था। तीसरा ड्रोन एक इमारत से टकराया।

इससे पहले इज़रायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा था कि लेबनान से इज़रायली क्षेत्र में प्रवेश करने वाले तीन मानव रहित ड्रोनों की पहचान की गयी थी, जिनमें से दो को ध्वस्त कर दिया गया था और एक ड्रोन कैसरिया में एक इमारत से टकराया।

'यरुशलम पोस्ट' की रिपोर्ट के मुताबिक कैसरिया में ड्रोन हमले के समय ही तेल अवीव में भी सायरन की आवाज सुनायी दी।

इज़रायल के राष्ट्रीय आपातकालीन पूर्व-अस्पताल चिकित्सा एवं रक्त सेवा संगठन मैगन डेविड एडोम (एम.डी.ए.) के अनुसार हिजबुल्लाह की ओर से दागे गया रॉकेट एक व्यक्ति के वाहन पर गिरा, जिससे उसकी मौत हो गयी। हिजबुल्लाह की ओर से सुबह से ही रॉकेट छोड़ा जा रहे हैं।

आईडीएफ के अनुसार आज अपराह्न ढ ाई बजे तक लेबनान स्थित आतंकवादी संगठन द्वारा कम से कम 180 प्रोजेक्टाइल दागे गये थे। इससे पहले, लेबनान से लॉन्च किये गये ड्रोन के शहर की एक इमारत से टकराने के बाद कैसरिया में विस्फोट की गूंज सुनाई दी।

नेतन्याहू ने अपने आवास पर हमले के प्रयास के कुछ घंटों बाद एक बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा, कोई भी ताकत हमें रोक नहीं पायेगी, हम जीत तक जारी रहेंगे। इससे पहले सुबह पूरब दिशा से भेजे गये एक ड्रोन के गोलान हाइट्स में दुर्घटनाग्रस्त होने का पता चलने के बाद इराक में इस्लामिक प्रतिरोध ने इसका श्रेय लिया।

## भाजपा ने प्रियंका गांधी के खिलाफ नाव्या हरिदास को उतारा

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर। लोकसभा और विधानसभा उपचुनावों के लिए बीजेपी ने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है। केरल की चर्चित सीट वायनाड से प्रियंका के खिलाफ बीजेपी ने नाव्या हरिदास को टिकट दिया है।

बीजेपी ने विधानसभा उपचुनाव के लिए असम की तीन, बिहार की दो, छत्तीसगढ़ की एक, कर्नाटक की दो, एमपी की दो, राजस्थान की छह और पश्चिम बंगाल की छह सीटों पर उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं।

# बिश्नोई समाज को लॉरैंस गिरोह को "बिश्नोई गिरोह" कहने पर आपत्ति

फतेहाबाद, 19 अक्टूबर। बिश्नोई समाज ने लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह को 'बिश्नोई गिरोह' कहे जाने पर आपत्ति की है।

फतेहाबाद में शनिवार को बिश्नोई समाज के लोगों की एक बैठक हुई, जिसमें समाज के अलग-अलग प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने विरोध जताया। बैठक में कुछ लोगों ने कहा कि यदि उन्हें इसको लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा, तो वे वहां भी जायेंगे, लेकिन इस गिरोह को बिश्नोई समाज के नाम से जोड़ा जाना सहन नहीं करेंगे।

समाज के नेताओं ने स्पष्ट करना चाहा कि लॉरेंस यदि गलत कर रहा है, तो वह भी गलत है, समाज उसके गलत कार्यों में साथ नहीं है, लेकिन यदि वह हिरण मामले में समाज की मांग उठा रहा है, तो वह सही है।

समाज के जीव रक्षा दल के अध्यक्ष हंसराज गोदारा ने कहा कि एक आदमी का गिरोह हो सकता है, पूरा समाज गिरोह नहीं हो सकता। अभिनेता सलमान खान ने हिरण मारा, आरोप भी अदालत में तय हो गया और यह मामला अदालत का है, इसलिये ज्यादा कुछ नहीं कहेंगे।

उन्होंने कहा कि लॉरेंस पर आरोप अभी तय नहीं हुये, लेकिन उसको लेकर पूरे समाज को गिरोह से जोड़ दिया जाता है। यह सही नहीं है, इससे समाज के लोगों को दुख हुआ है। जीव रक्षा दल के महासचिव विनोद काकड़ और राजस्थान के जोधपुर से आये लोगों ने कहा कि बिश्नोई समाज पूरे विश्व में जीव प्रेमी और पर्यावरण प्रेमी समाज के रूप में जाना जाता है। इसकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तक तारीफ कर चुके हैं। सैकड़ों सालों से बिश्नोई समाज पेड़ों और जीवों को बचाने का संदेश देता आया है, इसलिए किसी ने हिरण मारा तो उसके खिलाफ समाज ने आवाज उठाई।

बैठक में बिश्नोई सभा प्रधान भूप सिंह मांझू, सचिव महावीर मांझू, सेवक दल सुरजीत ढ ुकिया, जीव रक्षा दल से नरसी काकड़ सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# भाजपा ने राजस्थान की 6 सीटों...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पत्नी को सेमारी सरपंच पद का चुनाव लड़ाया था। इसमें उनकी पत्नी शांता देवी को जीत हासिल हुई थी। शांता देवी की प्रतिद्वंदी उम्मीदवार सुगना देवी ने शांता देवी की कक्षा 5 वीं की फर्जी मार्कशीट को लेकर शिकायत दर्ज कराई। सी.बी.सी.आई.डी. ने मामले की जांच शुरू की। इसमें विधायक की पत्नी की मार्कशीट फर्जी पाई गई थी।

झुंझुनूं सीट से भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र भांबू लगातार दो बार से चुनाव लड़ रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनावों में पार्टी ने उनको टिकट नहीं दिया था। इसके बाद उन्होंने बागी होकर, निर्दलीय चुनाव लड़ा था। उनको 42 हजार से ज्यादा वोट मिले थे। भाजपा ने इस बार परिवारवाद को लेकर अपना रूप बदल दिया है। छः में से दो सीटों पर नेताओं के परिवारों से टिकट दिए गए हैं। दौसा से मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा को टिकट दिया है, जबकि किरोड़ी लाल के भतीजे राजेन्द्र मीणा भी महुआ से भाजपा के विधायक हैं। जगमोहन मीणा को टिकट मिलने के बाद अब किरोड़ी की नाराजगी दूर होने के संकेत हैं और कहा जा रहा है कि वे अपना इस्तीफा भी वापस ले सकते हैं। जगमोहन मीणा को टिकट देकर किरोड़ी लाल मीणा फैक्टर को साधने का प्रयास किया गया है।

माना जा रहा है कि भाजपा ने सलूंबर से दिवंगत विधायक अमृतलाल मीणा की पत्नी शांता देवी को टिकट देकर सहानुभूति कार्ड चला है। पिछले कई उपचुनावों में सहानुभूति कार्ड कारगर रहा है। पिछली बार राजसमंद से विधायक किरण माहेश्वरी के निधन के बाद उनकी बेटी दीप्ति माहेश्वरी को टिकट दिया। वह उपचुनाव जीतीं और अभी विधायक हैं। कांग्रेस राज में हुए उपचुनाव के दौरान कांग्रेस और भाजपा ने दिवंगत विधायकों के बेटे-बेटियों को टिकट दिया और वे चुनाव जीते।

# शनिवार को बम की धमकी से 30 उड़ानों की इमरजैंसी लैंडिंग

## अब तक बम की धमकियों से आपात लैंडिंग के कारण एयर लाइन्स को 80 करोड़ रूपए का नुकसान हो चुका है

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर। इंडियन एयरलाइंस की 30 से ज्यादा फ्लाइट में शनिवार को बम होने की धमकी मिली। इसमें इंडिगो, एअर इंडिया, अकासा, विस्तारा, स्पाइसजेट, स्टार एअर और एलायंस एयर शामिल हैं।

पिछले एक हफ्ते में 50 से ज्यादा विमानों में बम होने की धमकी मिल चुकी है, ये सभी झूठी साबित हुईं। इन धमकियों की वजह से एयरलाइंस को अब तक 80 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है।

नई दिल्ली में शनिवार शाम ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बी.सी.ए.एस.) ने सभी एयरलाइंस के सी.ई.ओ. के साथ बैठक की। इसमें झूठी धमकियों से निपटने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही यात्रियों की असुविधा और एयरलाइंस के नुकसान पर भी बात हुई।

लगातार मिल रही धमकियों के बीच केंद्र सरकार ने 16 अक्टूबर को फ्लाइट्स में एयर मार्शलों की संख्या दोगुनी करने का फैसला किया था। गृह मंत्रालय ने भी एविएशन मिनिस्ट्री से रिपोर्ट मांगी है।

इंडिगो की 3 फ्लाइट्स में बम की धमकी मिली है। इसमें दिल्ली और मुंबई से इस्तांबुल जा रही इंडिगो भी शामिल हैं। इसके अलावा विस्तारा की उदयपुर से मुंबई जाने वाले विमान को भी धमकी मिली थी।

वहीं, कोच्चि-बेंगलुरु अलायंस एयर की फ्लाइट को भी यही सूचना मिली थी। इन सभी विमानों की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।

■ जिन एयरलाइन्स को उड़ान में बम की धमकी मिली, उनमें इंडिगो, एयर इंडिया, अकासा, विस्तारा, स्पाइसजेट, स्टार एयर और एलायंस एयर शामिल हैं।

## झारखंड के लिए भाजपा के 66 उम्मीदवार घोषित

नयी दिल्ली, 19 अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने झारखंड विधानसभा के चुनाव के लिए 66 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की आज घोषणा कर दी।

पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने आज यहां झारखंड के भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को धनवार सीट से टिकट दिया गया है, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को सरायकेला से और सीता सोरेन को जामताड़ा से टिकट दिया गया है।

पहली सूची के 66 उम्मीदवारों में 12 महिलाओं को टिकट दिया गया है।

# मुरादाबाद में महिला कांस्टेबल की सिर कटी लाश से सनसनी फैली

## लाश की पहचान हो गई , मृतका का पति भी पुलिसकर्मी है

मुरादाबाद, 19 अक्टूबर। यूपी के मुरादाबाद से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला कांस्टेबल की सिर कटी लाश मिली है, जिससे हड़कंप मच गया है। हैरानी की बात ये है कि मृत महिला का पति भी एक पुलिसकर्मी है।

मुरादाबाद के थाना कटघर क्षेत्र में रामगंगा रोड पर महिला की सिर कटी लाश मिली। वहां से पचास मीटर दूर गली सड़ी-गली हालत में सिर मिला। महिला की पहचान रामपुर में तैनात कांस्टेबल रिंकी के रूप में हुई है। रिंकी का पति सोनू भी पुलिस में है।

सोनू रामपुर की स्पेशल ब्रांच में तैनात है।

सोनू ने रामपुर के थाना सिविल लाइंस में पत्नी रिंकी की गुमशुदगी दर्ज करा रखी थी, लेकिन अब रिंकी की लाश मिलने के बाद रिंकी के पिता ने बेटी की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए पति सोनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

■ मृतका के पिता ने पुत्री की हत्या का आरोप पति पर लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

# '6 साल से जेल में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ने तालोजा सैन्ट्रल जेल को निर्देश दिए कि सभी बंदियों की सुनवाई की अगली तारीख, 18 अक्टूबर 2024 को अदालत में पेशी सुनिश्चित की जाए। तथापि, इन स्पष्ट निर्देशों के बावजूद, नवी मुम्बई पुलिस कमिश्नर ने अदालत के आदेश की पूरी तरह से उपेक्षा की और कैदियों को अदालत में नहीं ले गए।

इस संदर्भ में, एडवोकेट सुरेन्द्र गाडलिंग तथा सागर गोरखे को यह मुद्दा स्पेशल एन.आई.ए. कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करना था तथा बम्बई उच्च न्यायालय में जन हित याचिका के लिये आवश्यक दस्तावेज़ प्रस्तुत करने थे। लेकिन आज भी अदालत की समान्य तारीख पर भी इन सात में से एक भी बंदी अदालत में नहीं लाया गया। खास तौर से, जब कैदियों को अदालत तथा अस्पतालों में लाने-ले जाने के लिये पर्याप्त पुलिसकर्मी उपलब्ध हैं, नवी मुम्बई के पुलिस कमिश्नर इन संसाधनों का उपयोग, इसके बजाय, अन्य प्रयोजनों के लिये कर रहे हैं। इन कैदियों को उनकी अदालती तारीख के दिन अदालत में जानबूझकर तथा निरन्तर प्रस्तुत न करना उनके संवैधानिक अधिकार का हनन है। इसलिये, शनिवार को, तालोजा सैन्ट्रल जेल में, रमेश गैचोर, हन्नी बाबू, भीमा केरिगाँव केस के सात कैदियों- एडवोकेट सुरेन्द्र गाडलिंग, एडवोकेट सागर गोखले, रमेश गैचोर, हन्नी बाबू, रोना विल्सन, महेश राउत और सुधीर धावले ने नवी मुम्बई पुलिस कमिश्नर के असंवैधानिक एवं मनमर्जीपूर्ण कार्यवाही के खिलाफ भूख हड़ताल शुरु कर दी है।

इनमें से कुछ लोग छः साल से कैद में हैं, जबकि अन्य लोग चार साल से जेल में हैं, लेकिन उनका ट्रायल अभी तक शुरु भी नहीं हुआ है।

# प्रधानमंत्री वाराणसी में 23 परियोजनाओं का उद्घाटन/शिलान्यास करेंगे

## मोदी रविवार को स्वास्थ्य सेवा, खेल, धर्म, पर्यटन, रोज़गार, आवास व विमानन की सुविधाओं का उद्घाटन करेंगे

वाराणसी, 19 अक्टूबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को वाराणसी का दौरा करेंगे और 6611.18 करोड़ रुपये की लागत वाली कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे

काशी अपने सांसद के भव्य स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। मोदी वाराणसी से तीसरी बार सांसद चुने गए। प्रधानमंत्री मोदी 6,611.18 करोड़ रुपये की लागत वाली 23 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। मोदी स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, खेल, धर्म, पर्यटन, रोजगार, आवास और विमानन से जुड़ी कई सार्वजनिक सुविधाओं का उद्घाटन करेंगे।

प्रमुख परियोजनाओं में, मोदी वाराणसी एयरपोर्ट के विस्तार और नए टर्मिनल के निर्माण की आधारशिला रखेंगे। इसके अलावा वह आर.जे. शंकर नेत्र चिकित्सालय का उद्घाटन करेंगे और सिगरा स्पोर्ट्स स्टेडियम में 20,000 से अधिक लोगों को संबोधित करेंगे।

प्रधानमंत्री का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल स्वागत करेंगे, जबकि उत्तर प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्रियों समेत कई केन्द्रीय और कैबिनेट मंत्रियों के कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय और ओलंपिक संघ के अधिकारी भी मौजूद रह सकते हैं।

भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि रविवार को काशी आगमन पर प्रधानमंत्री मोदी का ढ ोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी जगह-जगह स्वागत की तैयारियां पूरी कर ली हैं। बाबतपुर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से हरहुआ गाजीपुर रिंग रोड स्थित शंकर नेत्रालय का उद्घाटन करने के बाद, प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से सिगरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जाएंगे, जहां वे कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा वे सिगरा स्टेडियम में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसमें खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों, बुद्धिजीवियों, गणमान्य लोगों, जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं समेत 20 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 90 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक आर. झुनझुनवाला शंकर नेत्र चिकित्सालय का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा 380.13 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सिगरा स्टेडियम समेत 14 परियोजनाओं को जनता को समर्पित किया जाएगा। इसके अलावा 2,874.17 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली दो प्रमुख योजनाओं का शिलान्यास भी किया जाएगा।

आर. जे. शंकर नेत्र चिकित्सालय के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल भी मौजूद रहेंगी। इस अस्पताल का उद्देश्य पूर्वांचल और उत्तर प्रदेश के पड़ोसी राज्यों में आर्थिक रूप से वंचित व्यक्तियों को बेहतर और मुफ्त नेत्र चिकित्सा प्रदान करना है। उद्घाटन समारोह में कांची कामकोटि पीठ के पीठाधिपति जगद्गुरु विजयेन्द्र सरस्वती के साथ पीठ के संत और महंत तथा उनकी परंपरा से जुड़े एक हजार से अधिक लोग शामिल होंगे।

■ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी एयरपोर्ट के विस्तार तथा नये टर्मिनल का शिलान्यस करेंगे। वे आर.जे. शंकर नेत्र चिकित्सालय का उद्घाटन करेंगे।

मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 35214/79, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय:-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908